**सुविचार**
जिंदगी अगर अपने हिसाब से जीनी हैं तो कभी किसी के फैन मत बनो।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


08
विलेन के रूप में नजर आएंगी आलिया

Ranchi ● Wednesday, 21 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 155 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 63,327.70 |
| निफ्टी | : | 18,816.70 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,635 |
| चांदी | : | 78.06 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### चीन ने 26/11 में शामिल आतंकी को ग्लोबल टेररिस्ट होने से बचाया

**NEW DELHI :** मुंबई में 26/11 के हमले में वांटेड लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित करने के प्रस्ताव को चीन ने ब्लॉक कर दिया है। अमेरिका ने यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति की बैठक में यह प्रस्ताव पेश किया था। भारत इसका सह प्रस्तावक था। यह पहली बार नहीं है जब चीन ने किसी पाकिस्तानी आतंकी को ग्लोबल टैररिस्ट घोषित करने में अड़ंगा लगाया हो। चीन ने पिछले साल सितंबर में भी साजिद को ग्लोबल टैररिस्ट घोषित करने के प्रस्ताव पर रोक लगाई थी। इस बार उसने प्रस्ताव को ब्लॉक कर दिया है। पिछले साल चीन ने पाकिस्तानी आतंकी मौलाना मसूद अजहर के भाई अबुल रऊफ असगर उर्फ अब्दुल रऊफ अजहर को संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादियों की सूची में शामिल कराने के लिए लाए गए अमेरिका और भारत के प्रस्ताव का विरोध किया था। पिछले साल अक्टूबर में लश्कर ए तैयबा के चीफ हाफिज सईद के बेटे तालहा सईद को ग्लोबल टैररिस्ट घोषित करने के लिए लाया गया प्रस्ताव भी चीन ने रोक दिया था।

### कश्मीर के छह स्थानों पर एसआईए ने की छापेमारी

**SRINAGAR :** जम्मू और कश्मीर की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने मंगलवार को घाटी के चार जिलों के छह स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी की ओर से कहा गया कि यह जांच सोशल मीडिया के दुरुपयोग और इस पर गैरकानूनी एवं अलगाववादी गतिविधियां चलाने को लेकर की गई है। एजेंसी की ओर से कहा गया कि तड़के की गई छापेमारी का उद्देश्य विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से अलगाववादी, भारत विरोधी भावनाओं का प्रचार करने में कथित रूप से शामिल व्यक्तियों और समूहों का पता लगाना था। उसने कहा, राज्य जांच एजेंसी ने कुपवाड़ा, अनंतनाग, पुलवामा और श्रीनगर जिलों में कश्मीर में छह स्थानों पर सफलतापूर्वक तलाशी ली।

# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में आस्था का सैलाब


रांची में निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल राज्यपाल, सीएम हेमंत सोरेन व अन्य ● फोटोन न्यूज

## रांची में राज्यपाल व सीएम समेत हजारों भक्तों ने खीचीं भक्ति की डोर

### भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी पहुंचे भगवान

**PHOTON NEWS RANCHI :** रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ अपने राजधानी में मंगलवार को रथ मेला की धूम रही। शहर में उत्सव जैसा माहौल रहा। जगन्नाथपुर में भगवान की रथ यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भरा रहा। लोग सुबह से ही जुटते रहे। रथ खींचने को लेकर लोग काफी उत्साहित दिखे। रांची में पिछले 333 सालों से रथ यात्रा निकाली जा रही है। जगन्नाथ स्वामी की जयकारों से जगन्नाथपुर मेला परिसर गूंज उठा। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भी रथ खींचने और पूजा-पाठ के लिए पहुंचे। सीएम हेमंत सोरेन पारंपरिक वस्त्र में मेला परिसर पहुंचे। उन्होंने धोती पहन रखा था। साथ में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, हटिया विधानसभा के विधायक नवीन जायसवाल मौजूद रहे। सभी ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की। शाम 5 बजे मंदिर परिसर से भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी के लिए रथ पर सवार होकर रवाना हुए। जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ जगन्नाथपुर परिसर गुंजायमान रहा। रांची समेत पड़ोसी जिले से भी भक्त आस्था की डोर खींचने के लिए पहुंचे। आम व खास सभी रथ की रस्सी को छूने और भगवान जगन्नाथ की एक झलक देखने के लिए आतुर थे। वहीं ऐतिहासिक रथ मेले में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र की विधिवत पूजा-अर्चना कर झारखंड वासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली तथा प्रगति की प्रार्थना की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य वासियों को भक्ति एवं समर्पण का पर्व रथयात्रा की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पेज 4, 5 व 7 देखें

### हजारीबाग में रथ यात्रा में वज्रपात, दो की मौत

**HAZARIBAGH :** सदर प्रखंड स्थित सिलवार मंदिर में रथ यात्रा के दौरान शाम के करीब साढ़े पांच बजे वज्रपात के कारण दो युवकों की मौत हो गई। वहीं आठ लोग घायल हो गए है। घटना के बाद सभी को 108 एंबुलेंस की सहायता से मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया। जहां उपस्थित डाक्टरों व पारा मेडिकल कर्मियों की सहायता से सबों का उपचार किया गया। इस बीच दो युवकों की मौत की पुष्टि डाक्टर ने की है। मृतकों में जगन्नाथ मंदिर के पुजारी विजयकांत पांडे का 16 वर्षीय पुत्र सुधांश पांडे व एक अज्ञात युवक शामिल है। जानकारों की माने वह अज्ञात युवक मेले में हवा मिठाई बेचने का कार्य कर रहा था।

# निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के दो बंगले सील

## कोर्ट के आदेश पर जमशेदपुर में कार्रवाई



**CRIME REPORTER RANCHI :** निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सर्किट हाउस एरिया वाले जिस सुवर्णरेखा परियोजना के दो बंग्लो में रहते थे उन्हें कोर्ट के आदेश के बाद सील कर दिया गया है। सुवर्णरेखा परियोजना के अधिकारी यदि बकाया पैसों का भुगतान नहीं करते हैं तो दोनों बंग्लो की नीलामी की जायेगी। हालांकि यह मामला वीरेंद्र राम से जुड़ा हुआ नहीं है। मामला मानगो के ठेकेदार अनूप कुमार राय से जुड़ा हुआ है। अनूप कुमार राय के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अनूप कुमार सुवर्णरेखा परियोजना में ठेकेदार हैं। उन्होंने सुवर्णरेखा परियोजना में काफी काम किया है। उनका काम के बदले भुगतान नहीं किया। भुगतान का बकाया लगभग आठ लाख नहीं दिये जाने के कारण उन्होंने सब जज -1 की अदालत में एग्जक्यूशन के तहत मामला दर्ज किया गया। यह मामला जारी-2/14 के तहत निबंधित किया गया। इस मामले में नौ साल के बाद सब जज ने फैसला सुनाते हुए सुवर्णरेखा परियोजना की संपत्ति को अटैच करते हुए प्रार्थी ठेकेदार अनूप कुमार राय के पक्ष में डिग्री कर दी। सब जज-1 की अदालत में मामला लंबित रहने की अवधि में कई बार नोटिस भेजा गया, लेकिन विभाग की तरफ से कोई टर्नअप नहीं हुआ। संबंधित विभाग के अधिकारियों की तरफ से जब कोई कार्रवाई इस मामले में नहीं की गयी तो कोर्ट ने दोनों भवनों को सील करने का आदेश दिया।

# भूखंडों पर कब्जा को भाड़े की महिलाओं का इस्तेमाल

## LAND SCAM : छवि के कार्यकाल का कारनामा

**CRIME REPORTER RANCHI :** बतौर रांची डीसी छवि रंजन का कार्यकाल भू माफियाओं के लिए काफी फायदेमंद रहा। सेना के कब्जे वाली भूमि हो, बजरा मौजा की भूमि हो या फिर चेशायर होम रोड की भूमि की खरीद-बिक्री सबके तार छवि रंजन और उनके इर्द-गिर्द के लोगों से जुड़े हुए हैं। करोड़ों रुपए से ज्यादा के इस लैंड स्कैम में परत दर परत सच्चाई सामने आ रही है और जो खुलासे हो रहे हैं, वह चौंकाने वाले हैं। छवि रंजन की शह पर फर्जी पेपर तैयार करने वाले गिरोह ने कई भूखंडों के कागजात तैयार कर लिए और उसपर अपना दावा ठोक दिया, जब जमीन कब्जा करने की बारी आई, तो इसके लिए भाड़े की महिलाओं के समूह का इस्तेमाल किया गया। इतना ही नहीं जिन जगहों पर लोकल लोगों को मैनेज करने की जरुरत पड़ी, उन्हें भी कुछ पैसे देकर अपनी साइड में मिला लिया गया। लैंड स्कैम के आरोपियों की डायरी और उनके मोबाइल से कुछ ऐसी जानकारी सामने आयी है, जिससे यह साबित होता है कि जमीन कब्जाने के लिए भाड़े की महिलाओं के ग्रुप को पैसे दिए गए।

### जेल अधीक्षक व हिमांशु मेहता को ईडी का समन

बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक हामिद अख्तर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें मंगलवार को समन जारी कर दिया है। इसमें 26 जून को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा गया है। वहीं दूसरी तरफ जयंत कर्नाड के करीबी अधिवक्ता हिमांशु मेहता को भी ईडी ने समन भेजकर 28 जून को ईडी ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। ईडी ने हामिद अख्तर और जेल में बंद मनी लॉन्ड्रिंग के कई सत्ता से जुड़े आरोपियों को अनुचित लाभ देने का आरोप लगाया है, जिनमें निलंबित आईएएस पूजा सिंघल और छवि रंजन, पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश, कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल, सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा शामिल हैं। ईडी 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाले और मनी लांड्रिंग मामले में जेल में बंद कई आरोपियों के जेल मैनुएल के उल्लंघन को लेकर जेल अधीक्षक से सीसीटीवी फुटेज मांग रही है। हालांकि जेल अधीक्षक ने इस मामले में ईडी के अधिकार क्षेत्र को चुनौती देते हुए ईडी कोर्ट में मामला दायर किया था, बाद में ईडी कोर्ट ने जेल अधीक्षक को सीसीटीवी फुटेज सौंपने का निर्देश दिया था।

### 'नकली दवा' : 71 फार्मा कंपनियों को केंद्र ने जारी किया नोटिस

**NEW DELHI :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को कहा कि नकली दवाओं के मामले में भारत कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का पालन करता है। उन्होंने कहा कि खांसी रोकने के लिए भारत में बनाए गए कफ सीरप के कारण तथाकथित तौर पर हुई मौतों के बारे में कुछ हलकों में चिंता व्यक्त किए जाने के बाद 71 कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन 71 कंपनियों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें से 18 को बंद करने को कहा गया है। समाचार एजेंसी भाषा से एक खास बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि देश में गुणवत्तापूर्ण दवाओं का उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए लगातार व्यापक विश्लेषण किया जाता है और सरकार तथा नियामक हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहते हैं कि नकली दवाओं के कारण किसी की मौत न हो। उन्होंने कहा कि हम दुनिया की फामेर्सी हैं और हम सभी को आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम 'दुनिया की गुणवत्ता वाली फामेर्सी' हैं। इस साल की फरवरी में तमिलनाडु की ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर ने आंखों की अपनी दवाई की पूरी खेप को वापस ले लिया था।

# रेगिस्तान में 'जल प्रलय'

## राजस्थान में टूटा 100 साल की बारिश का रिकॉर्ड

- मानसून आने से पहले बिपरजॉय की तूफानी चाल से पांच जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त
- बाड़मेर, पाली, राजसमंद, भीलवाड़ा, अजमेर के कई इलाकों में बाढ़ के हालात



**AGENCY JAIPUR :** राजस्थान में पहली बार मानसून से पहले बाढ़ के हालात बन गए हैं। चक्रवात बिपरजॉय की तूफानी चाल के कारण प्रदेश के पांच जिलों बाड़मेर, पाली, राजसमंद, भीलवाड़ा, अजमेर के कई इलाकों में बाढ़ के हालात की वजह से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। चक्रवात के कारण गुजरे 24 घंटे में पाली के मुठाना में 530 मिलीमीटर यानी 21.3 इंच बारिश हो चुकी है। पाली में भी 12 इंच बारिश हुई। बूंदी, अजमेर, भीलवाड़ा के सैकड़ों गांवों में बिजली गुल है। अब तक राज्य में आठ लोगों की मौत हो चुकी है। अजमेर और जोधपुर में बारिश का 100 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। अब मौसम विज्ञान विभाग ने कोटा, बारां-सवाई माधोपुर में मंगलवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य में चक्रवात से पिछले 4 दिन (16 से 19 जून) तक राज्य औसतन 100 मिलीमीटर बारिश हो गई, जो एक मानसून सीजन में होने वाली औसत बारिश का करीब 24 प्रतिशत है। राजस्थान में मानसून सीजन (जून से सितम्बर तक) में औसतन 415 मिलीमीटर बारिश होती है। शुरूआती महीने जून में औसतन 50 मिलीमीटर बारिश होती है। चक्रवात से अजमेर में बारिश का 105 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा है। यहां 17 जून 1917 में 119.4 मिलीमीटर बरसात एक ही दिन में हुई थी, जो अब तक जून में सर्वाधिक बारिश होने का रिकॉर्ड था, जो कल टूट गया।

# झारखंड में मानसून ने दी गर्मी से राहत, मौसम हुआ सुहाना

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में मंगलवार को उमड़ घुमड़ बदरा छा गए। दोपहर करीब 3 बजे कुछ पल के लिए आसमान में अंधेरा छा गया। इसके बाद हुई मानसून की पहली वर्षा ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी है वहीं मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद ने मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की चेतावनी दी है। करीब एक सप्ताह की देरी से झारखंड में मानसून ने दस्तक दे दी है। कई जिलों में वर्षा शुरू हो गई है। अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में दक्षिणी पश्चिमी मानसून का प्रवेश हो गया है। बता दें कि संथाल परगना इलाके से कारे बदरा ने प्रवेश किया और सोमवार को हल्की बूंदाबांदी के बाद मंगलवार को जमकर बरसे। राजधानी रांची में वर्षा के बाद मौसम सुहावना हो गया है। रांची के तापमान भी 35 डिग्री से गिरकर 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। तेज सतही हवा से जहां नमी बनी है वहीं वर्षा के बाद ठंड का एहसास भी होने लगा है। अगले दो दिन तक रांची समेत जमशेदपुर, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो समेत अन्य जिलों में वर्षा के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात को ले मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर दिया है।

पेज 3 भी देखें

### रांची में वज्रपात से बच्ची की मौत

मेसरा ओपी क्षेत्र में मंगलवार को तेज बारिश और अचानक हुई वज्रपात से एक बच्ची की मौत हो गयी। मृत बच्ची का नाम सिमरन बताया जा रहा है। सिमरन रुदिया गांव की रहने वाली थी। वह अपने भाई और बहन के साथ नहाने के लिए घर से कुछ ही दूरी पर स्थित कुएं पर गई थी। इसी दौरान हुई अचानक वज्रपात से उसकी मौत हो गई। बच्ची कक्षा तीन में बीआईटी प्राथमिक विद्यालय मेसरा में पढ़ती थी।

# TITANIC दिखाने गई पनडुब्बी दो दिन से लापता


तस्वीर टाइटेन सबमरीन की है जो अटलांटिक महासागर में लापता हो गई।

**AGENCY NEW DELHI :** टाइटैनिक जहाज के मलबे को देखने के लिए लोगों को ले जाने वाली टूरिस्ट पनडुब्बी 'टाइटेन' रविवार को अटलांटिक महासागर में लापता हो गई। टाइटेन पनडुब्बी में एक पायलट और 4 पैसेंजर्स सवार थे। इनमें ब्रिटेन के अरबपति कारोबारी हामिश हार्डिंग और पाकिस्तान के बिजनेसमैन शहजादा दाऊद अपने बेटे के साथ मौजूद हैं। सबमरीन को ढूंढने के लिए अमेरिका और कनाडा के जहाज और प्लेन्स को भेजा गया है। एजेंसी के मुताबिक, 18 जून की दोपहर को सबमरीन पानी में उतरने के 1.45 घंटे बाद रडार से गायब हो गई। अमेरिकी कोस्ट गार्ड के रियर एडमिरल जॉन मॉगर ने कहा, 'हम अनुमान लगा रहे हैं कि पनडुब्बी को खोजने के लिए हमारे पास 70 घंटों से लेकर 96 घंटों तक का समय है।' रॉयटर्स के मुताबिक, इस सबमरीन में 96 घंटों की ऑक्सीजन होती है। इस बात की जानकारी नहीं मिली है कि सबमरीन अभी भी पानी में ही है या सतह पर आ चुकी है। अमेरिका-कनाडा की रेस्क्यू टीम ने केप कॉड से करीब 900 मील (1,450 किमी) पूर्व में तलाश शुरू कर दी है। इसके अलावा पानी में सोनार-बॉय भी छोड़े गए हैं, जो 13 हजार फीट की गहराई तक मॉनिटर कर सकते हैं।

### 2100 तक 75% पिघल जाएंगे हिमालय के ग्लेशियर, 200 करोड़ लोग होंगे प्रभावित

# गंगा के सामने आ रहा बड़ा खतरा

**AGENCY NEW DELHI :** हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। वैज्ञानिकों ने आशंका जताई है कि 2100 आने तक हिमालय के 75 % ग्लेशियर पिघल कर खत्म हो जाएंगे। इससे हिमालय के नीचे वाले भू-भाग में रहने वाले 8 देशों के करीब 200 करोड़ लोगों को पानी की किल्लत और बाढ़ का खतरा होगा।इन देशों में भारत, पाकिस्तान, भूटान, अफगानिस्तान, चीन, म्यांमार, नेपाल और बांग्लादेश शामिल हैं। काठमांडू के इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटिग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट ने इसकी जानकारी दी है। बताया है कि आने वाले दिनों में एवलांच की घटनाएं भी तेजी से बढ़ेंगी। अलजजीरा के मुताबिक ग्लेशियर पिघलने का असर उन लोगों पर होगा जिन्होंने ग्लोबल वॉर्मिंग की ही नहीं। रिपोर्ट में बताया गया है कि हिमालय 2010 के बाद से 65% तेजी से पिघल रहा है। अगर दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा तो ग्लेशियर 2100 तक 30 % से 50% की तेजी से पिघलेंगे। हालांकि अभी के अनुमान के मुताबिक तापमान 3 डिग्री तक बढ़ने की आशंका है ऐसे में ग्लेशियर 75% तेजी से पिघलेंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि इससे भारत की गंगा और घाघरा नदी समेत 12 नदियां खतरे में आ सकती हैं। जो हिमालय के ग्लेशियर से निकलती हैं।


3500 किलोमीटर में फैला हिमालय 8 देशों को कवर करता है। (फाइल फोटो)

**2000 सालों की बर्फ 30 सालों में खत्म हुई :** रिपोर्ट में बताया गया है कि क्लाइमेट चेंज की वजह से जो बर्फ 2000 सालों में खत्म होने वाली थी वो केवल 30 सालों में खत्म हो चुकी है। पर्यावरण पर काम करने वाले एक वैज्ञानिक फिलिपस वेस्टर ने बताया कि हम आने वाले 100 सालों में हिमालय के ग्लेशियर खो देंगे। 3500 किलोमीटर में फैला हिमालय 8 देशों को कवर करता है। हिमालय की 200 ग्लेशियर झीलें खतरे में बताई गई हैं। पर्यावरणविद पैन पीयरसन के मुताबिक जब एक बार ग्लेशियर की बर्फ पिघलने लगती है तो उसे वापस जमा पानी मुश्किल होता है। इसलिए ये जरूरी है कि तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रहे।

# भारत को सुरक्षा परिषद में जगह मिले : MODI

## पीएम ने अमिरेकी अखबार को दिया साक्षात्कार

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अमेरिकी यात्रा से पूर्व वहां के प्रमुख समाचार पत्र वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए साक्षात्कार में भारत को संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता दिए जाने की वकालत की है।प्रधानमंत्री ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वर्तमान स्थिति की समीक्षा होनी चाहिए। दुनिया से यह पूछा जाना चाहिए क्या वह भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनते देखना चाहती है। उन्होंने कहा- मैं स्पष्ट कर दूं कि हम भारत को किसी देश की जगह लेने के रूप में नहीं देखते हैं। हम इस प्रक्रिया को भारत द्वारा विश्व में अपना उचित स्थान प्राप्त करने के रूप में देखते हैं। पीएम ने अमेरिका के साथ संबंधों पर कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत और गहरे हैं। दोनों देशों के नेताओं के बीच अभूतपूर्व विश्वास है। साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि दुनिया के सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय नियमों और एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। आपसी झगड़ों का समाधान कूटनीति और बातचीत से किया जाए। उन्होंने कहा है कि चीन के साथ सामान्य संबंध के लिए जरूरी है कि सीमा पर सामान्य स्थिति और शांति बहाल होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का दृढ़ विश्वास है कि दूसरे देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान होना चाहिए। साथ ही नियमों पर आधारित व्यवस्था के तहत शांतिपूर्ण ढंग से आपसी मुद्दों और विवादों का समाधान होना चाहिए।

### मंगलवार देर रात पीएम मोदी अमेरिका पहुंचे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को देर रात अमेरिका पहुंचे। यहां उनका स्वागत फ्लाइट लाइन सेरेमनी के साथ किया गया। एंड्रयूज एयरफोर्स बेस पर उनके लिए रेड कार्पेट बिछाया गया था। प्रोटोकॉल के मुताबिक उन्हें अमेरिकी सरकार के अधिकारियों ने रिसीव किया। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के लोग भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अमेरिका की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर रवाना हुए थे।

# पश्चिम बंगाल का विभिन्न क्षेत्रों में अहम योगदान : CP RADHAKRISHNAN

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और साहित्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में पश्चिम बंगाल का अहम योगदान रहा है। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ पश्चिम बंगाल विचारों, कलाओं और परंपराओं का गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का योगदान अद्वितीय रहा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस भूमि ने कई महान विचारक, लेखक, कवि और क्रांतिकारी दिए हैं, जिन्होंने अमिट छाप छोड़ी है।



कार्यक्रम में बच्चे को आशीर्वाद देते राज्यपाल। ● द फोटोन न्यूज

राज्यपाल मंगलवार को राजभवन में आयोजित पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि झारखंड राज्य के विकास में आप सभी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, फिर भी अनेक विभिन्नताओं के बावजूद हम सब एक हैं। विविधता में एकता हमारी ताकत है।

उन्होंने कहा कि हमें स्वयं की भाषा, संस्कृति के साथ दूसरे की भाषा और संस्कृति का भी सम्मान करना चाहिए। इस दिशा में एक भारत, श्रेष्ठ भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों के मध्य आपसी एकता को और प्रगाढ़ करना है। साथ ही सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत आज राजभवन में पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी ने कहा कि झारखंड 1912 तक बंगाल प्रेसीडेंसी का हिस्सा था। इसलिए यहां रहने वाले बांग्ला समुदाय के लोग अपने को यहीं के मानते हैं। बंगाली और संताली समाज एक-दूसरे से घुले-मिले हैं। बांग्ला साहित्य और संस्कृति अत्यंत समृद्ध हैं। यहां के विभिन्न क्लबों में साहित्य-संस्कृति को सहेजने और विकास के लिए अक्सर कार्यक्रम होता है। यूनियन क्लब में निःशुल्क बांग्ला सिखाया जाता है।

स्वागत भाषण करते हुए राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने कहा कि पश्चिम बंगाल का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अहम योगदान रहा है। इसकी साहित्य और संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

## रांची : भाजपा ने संपर्क से समर्थन के तहत कांके में चलाया महा जनसंपर्क अभियान

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आज संपर्क से समर्थन अभियान कार्यक्रम प्रभारी सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल टाईगर के नेतृत्व में काके क्षेत्र के वरिष्ठ और विशिष्ट व्यक्ति और चिकित्सक डॉक्टर शंभू प्रसाद सिंह कांके जेनरल हॉस्पिटल के निदेशक, गौ सेवा प्रमुख गिरजा शंकर पांडेय से मिलकर उन्हें सम्मानित किया गया। टाइगर ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉक्टर साहब द्वारा किए गए विशिष्ट कार्यों की सराहना की। डॉक्टर साहब के इस क्षेत्र में किए गए बहुमूल्य योगदान के प्रति आभार और धन्यवाद प्रकट किया। कहा हमारी पार्टी के निर्देश पर उनके द्वारा किए गए विशिष्ट कार्यो के लिए उन्हें सम्मान स्वरूप अंग वस्त्र देकर उनका जोरदार अभिनंदन किया गया।



डॉक्टर को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

मोदी सरकार के सेवा के 9 वर्ष की महान उपलब्धियों को उनसे विस्तृत चर्चा की गई। मोदी सरकार की नीतियां कैसे देश को समृद्ध और विकसित बना रहीं हैं इत्यादि विषयों की विस्तृत जानकारी उन्हें दी गई। एक गरीब आम व्यक्ति मोदी सरकार की नीतियों के कारण सबल और सशक्त बन रहा है यह जानकर डॉक्टर साहब ने हर्ष व्यक्त किया।

इस महा जनसंपर्क अभियान में कांके मंडल अध्यक्ष राम लखन मुंडा, गुणा नंद महतो, राजकुमार महतो, दीपक कुमार, प्रभात भूषण उपस्थित थे। इस प्रकार के रचनात्मक और सृजनात्मक कार्यक्रम को जानकर डॉक्टर साहब ने मोदी सरकार के प्रति गहरी आस्था व्यक्त की और मोदी सरकार के प्रति भरोसा जताया की मोदी जी के नेतृत्व में यह देश निश्चित रूप से संपूर्ण विश्व का नेतृत्व करेगा।

## नेशनल पीपुल्स पार्टी प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों का हुआ चयन प्रदेश उपाध्यक्ष बने मानिक चंद्र महतो

**PHOTON NEWS RANCHI :** नेशनल पीपुल्स पार्टी प्रदेश कार्यालय में जिला एवं प्रदेश पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से मानिक चंद्र महतो को प्रदेश उपाध्यक्ष, पशुपति महतो धनबाद जिला अध्यक्ष, रामविलास महतो बोकारो जिला अध्यक्ष एवं बिगनी बेदिया को रामगढ़ जिला अध्यक्ष बनाया गया।

मौके पर प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा संगठन मजबूती के लिए जिला संगठन महत्वपूर्ण होता है। कोलाचल में विधानसभा लोकसभा चुनाव में मजबूती के साथ प्रत्याशी उतारेगी। नेशनल पीपुल्स पार्टी को कोयलांचल में मजबूत प्रखर नेता की तलाश थी। कोयलांचल में 18 विधानसभा तथा 3 लोकसभा क्षेत्र आते हैं। कहीं ना कहीं पार्टी के आने से समीकरण क्षेत्रीय पार्टी का बिगड़ सकता है।



कार्यक्रम में नेशनल पीपुल्स पार्टी के कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

प्रदेश उपाध्यक्ष मानिक चंद्र महतो ने कहा कि जल्द ही जिला एवं प्रखंड समिति बनाकर जन मुद्दों एवं इस कार्य के लिए संगठन काम करेगी। रामगढ़, धनबाद एवं बोकारो जिला अध्यक्ष ने पार्टी की नीति सिद्धांत में चलकर कोयलांचल की जनताओं को हर सुख-दुख में बढ़-चढ़कर जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेगी।

मौके पर प्रदेश महासचिव अमर महतो, प्रदेश सचिव अनथन लकड़ा, जोसेफ लाकड़ा, प्रदेश प्रवक्ता सुमन बाड़ा, प्रदेश सदस्य मीर यूनुस, मोहम्मद अबूजर एवं लीलावती महतो, रामविलास महतो, सुस्ती महतो, टुसू महतो, पशुपति महतो, प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार पोद्दार, प्रवेश गोप आदि मौजूद रहे।

## साईडिंग संचालकों की तत्परता से कोल स्टॉक में लगी आग पर पाया गया काबू : संजीव बेदिया

**PHOTON NEWS RAMGARH :** भुरकुंडा रेलवे साइडिंग के कोल स्टॉक में लगे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। यह बहुत खुशी की बात है। आग लगने की वजह से रेलवे साइडिंग कार्यरत मजदूर काफी चिंतित थें कि कहीं हमारा रोजगार न छीन जाए। और हमारे छोटे-छोटे बच्चे सड़क पर न आ जाए। लेकिन आग बुझने के कारण उनके चेहरों पर खुशी साफ देखी जा सकती है।



संजीव बेदिया की फाईल फोटो।

उक्त बातें मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह बड़कागांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी और पार्टी के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया ने प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रोजगार के साधन बढ़े इसका हम हमेशा समर्थक रहे हैं। मैं बताना चाहूंगा कि रेलवे और वहां के संचालकों ने बहुत सूझबूझ के साथ काम लिया और आग पर काबू पाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से प्रयास रहा है कि क्षेत्र में रोजगार के साधन संसाधन का विस्तार हो। ताकि यहां के ग्रामीण, किसान, मजदूर व युवाओं के चेहरे पर खुशी का माहौल हमेशा बरकरार रहे। बेदिया ने कहा कि साइडिंग के यहां होने से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोग की जीविका चलती है। यहां के लोग चाहते हैं कि ऐसे ही जीविका के और साधन भुरकुंडा में खुले ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। आग बुझने से साईडिंग में कार्यरत मजदूरों के चेहरे पर खुशी झलक रही है।

उन्होंने कहा कि रेलवे विभाग और संचालक ने तत्परता के साथ काम किया और पूरी तरह से आग पर काबू पा लिया यह हर्ष का विषय है। उम्मीद करते हैं कि भविष्य में साईडिंग सुचारू रूप से चले ताकि भुरकुंडा और उसके अगल-बगल के ग्रामीण क्षेत्र के लोग जिन को रोजगार मिला हुआ उनका जीवन की गाड़ी सुविधा पूर्वक चलती रहे। यह संयम का काम था और रेलवे और संचालक ने उसे बखूबी निभाया है, सभी बधाई के पात्र हैं।

इधर रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि भुरकुंडा रेलवे स्टेशन साइडिंग में कुछ दिनों से आग लगा हुआ था जिसपर राज्य सरकार व रेलवे अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है। जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने रेलवे अधिकारीयों और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

## भाजपा सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी विकास के लिए समर्पित : लक्ष्मीकांत

**PHOTON NEWS RANCHI :** महा जनसंपर्क अभियान को गति देने के लिए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी मंगलवार को रांची पहुंचे। उन्होंने विशिष्ट जनों से मुलाकात कर मोदी सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए तीसरी बार मोदी सरकार के लिए समर्थन मांगा।



लक्ष्मीकांत वाजपेयी का स्वागत करते लोग। ● द फोटोन न्यूज

डॉ वाजपेयी ने रांची महानगर के हातमा बस्ती निवासी प्रसिद्ध पाहन जगलाल उरांव, पुरानी रांची में अवकाश प्राप्त पुलिस उपाधीक्षक अतुल केरकेट्टा, हिंदपीढ़ी में पूर्व चेंबर अध्यक्ष अरुण बुधिया तथा गंगा नगर में प्रसिद्ध व्यवसायी अमीर राय से उनके आवास पर मुलाकात की। नौ साल की उपलब्धियों के पत्रक दिए एवं चर्चा की।

डॉ वाजपेयी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी विकास के लिए समर्पित है। मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। देश के दलित, आदिवासी, वंचित समाज विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। अंत्योदय को साकार किया जा रहा है। भारत में न सिर्फ बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा, बल्कि देश की सीमाएं भी सुरक्षित हुई हैं।

डॉ वाजपेयी के साथ सांसद समीर उरांव, महानगर अध्यक्ष के-के गुप्ता, राकेश भास्कर, महामंत्री वरुण साहू, बलराम सिंह उपस्थित रहे।

### वाजपेयी ने खींचा जगन्नाथ स्वामी का रथ

संपर्क से समर्थन अभियान कार्यक्रम के बाद वाजपेयी झारखंड के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक जगन्नाथपुर मेला पहुंच भगवान के रथ पर सवार विग्रह का दर्शन किया एवं रथ भी खींचा। उन्होंने समस्त झारखंड वासियों के कल्याण की मंगल कामना करते हुए कहा कि झारखंड की संस्कृति यहां की धरोहर है।

## केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में सोनीपत में गौरवशाली भारत रैली का आयोजन

# DECEMBER, 2024 तक हरियाणा में दो लाख करोड़ की परियोजनाओं पर होगा काम : गडकरी

**AGENCY CHANDIGARH :** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि हरियाणा केन्द्र सरकार से जो भी सहयोग मांगेगा, उनका मंत्रालय उसे पूरा करेगा। गडकरी मंगलवार को सोनीपत में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित गौरवशाली भारत रैली को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 890 करोड़ रुपये की दिल्ली से पानीपत तक एनएच-44 पर 8 लेन के 11 फ्लाईओवर्स का लोकार्पण किया, जिसमें दोनों और 6 लेन की सर्विस रोड भी शामिल है।



रैली को संबोधित करते नितिन गडकरी व जुटी भीड़। ● द फोटोन न्यूज

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को रेलवे फाटक मुक्त बनाने के लिए 300 करोड़ रुपये की मांग रखी, जिसे नितिन गडकरी ने मौके पर ही मंजूरी दे दी। सेतु भारतम योजना के तहत इस धनराशि से आरओबी व आरयूबी का निर्माण कराया जायेगा। इसी प्रकार गडकरी ने जींद के विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा की नरवाना रोड से रोहतक रोड तक बाईपास व जींद से ईक्कस तक रिंग रोड के निर्माण की मांग को भी मंजूर करने की घोषणा की।

नितिन गडकरी ने कहा कि उनका मंत्रालय हरियाणा में 100 प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा है, जिनमें से 2200 किलोमीटर की 47,000 करोड़ रुपये की 51 परियोजनाएं पूरी हो चुकी है। 830 किलोमीटर की 35,000 करोड़ रुपये की 30 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। 756 किलोमीटर की 20 हजार करोड़ रुपये की 19 परियोजना अन्य परियोजनाएं हैं, जिनमें 14 परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। कुछ काम टेंडर प्रक्रिया में है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलवाया कि दिसम्बर, 2024 तक हरियाणा में 2 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर कार्य होगा। इनसे हरियाणा की तस्वीर बदलेगी और हरियाणा की सड़कें अमेरिका के बराबर होंगी। नितिन गडकरी ने कहा कि 60 सालों में जो कांग्रेस नहीं कर सकी, उससे भी दोगुना काम केवल 10 साल में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने करके दिखाये हैं।

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मेरा मानना है कि पिछले 9 वर्षों में केंद्र सरकार के अगर सबसे अच्छे कामों के बारे में बात की जाए, तो उसमें एक बात यह होगी कि रिक्शा चलाने वाले एक करोड़ लोगों को बड़ी राहत देते हुए हमने उन्हें ई-रिक्शा दिया है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, सांसद रमेश कौशिक, विधायक मोहन लाल बड़ौली श्रीमती निर्मल चौधरी, महिपाल ढांडा, कृष्ण मिड्ढा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## BRIEF NEWS

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा कल आएंगे गिरिडीह

**RANCHI :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार (22 जून) को रांची होते हुए गिरिडीह पहुंचेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे झंडा मैदान में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने मंगलवार को दी। केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा महाजनसम्पर्क अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत नड्डा का कार्यक्रम गिरिडीह में तय हुआ है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के अलावा बोकारो विधायक विरंची नारायण कैंप किए हुए हैं। वह मंडल के अध्यक्ष के अलावा विभिन्न मोर्चा के सातों मोर्चा के जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला पदाधिकारी सहित प्रमुख लोगों संग बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं। कार्यक्रम में 65 मंडल इकाई के भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। सात विधानसभा क्षेत्र क्रमशः गिरिडीह, गांडेय, जमुआ, धनवार, बगोदर, डुमरी और कोडरमा से पूर्ण रूप से लोग शामिल होंगे। जबकि टुंडी, बाघमारा, बेरमो व गोमिया विधानसभा क्षेत्र के लोग आंशिक रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम में मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, क्षेत्रीय महामंत्री संगठन नागेंद्रनाथ त्रिपाठी, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे।

### सीएम के देवघर दौरे के मद्देनजर जिले के अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 27 जून को देवघर जिले के सारठ प्रखंड स्थित 524 करोड़ रुपये की लागत वाली सिकटिया मेगा लिफ्ट ऐरिगेशन योजना का शिलान्यास करेंगे। इसको लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, पुलिस कप्तान सुभाष चन्द्र जाट, एसडीओ आशीष अग्रवाल सारठ विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेता परिमल सिंह उर्फ भूपेन सिंह ने संयुक्त रूप से हेलीपैड, सभास्थल व रुटलाईन का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष इश्तियाक मिर्जा, सारठ प्रखण्ड अध्यक्ष लखेश्वर मुर्मू, सचिव अनिल सिंह, कुलदीप सिंह, रामकिशोर मण्डल युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव , बीडीओ, सीओ समेत सभी विभागीय कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

### जदयू युवा मोर्चा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष बने भूषण उरांव, दी गयी बधाई

**RAMGARH :** राज्यसभा सांसद खीरू महतो के आवासीय कार्यालय में हजारीबाग युवा मोर्चा के जदयू जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक के नेतृत्व में पतरातु प्रखंड के नेता भुषण उरांव अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जदयू में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए। इस दौरान राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने सबों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए भूषण उरांव को जदयू युवा मोर्चा का रामगढ़ जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। जदयू की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सनोज सोनकर, परमेश्वर उरांव, मो इब्राहिम, खुरसीद आलम, जितेंद्र करमाली, चिरेश्वर करमाली, रवि उरांव, दीपक गाड़ी, मुकेश पाहन, त्रिवेणी कुमार, घनश्याम ठाकुर, चेतु उरांव एवं महेंद्र तुरी शामिल हैं। सभी नए सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए राज्यसभा सांसद खीरू महतो एवं मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल ने कहा की भूषण उरांव के नेतृत्व में जदयू और भी बुलंदियों के साथ आगे बढ़ेगी। इधर जदयू युवा मोर्चा के नव मनोनीत रामगढ़ जिलाध्यक्ष भूषण उरांव ने कहा की सोफे के दायित्व को ईमानदारी पूर्वक निभाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर जदयू को और बुलंदियों तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य होगा।

### सीएम को आयुष निदेशक ने योग दिवस का लगाया बैज

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयुष निदेशक झारखंड डॉ. फजलुस शमी एवं संयोजक झारखंड राज्य आयुष परामर्शदात्री समिति डॉ. राजीव कुमार ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने रांची के मेकन स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री को डॉ. फजलुस शमी एवं डॉ. राजीव कुमार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का बैज लगाया। साथ ही मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि योग दिवस पर मेकन ग्राउंड में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग चार हजार लोग एक साथ शामिल होंगे। राज्य के प्रत्येक जिले में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उन्हें झारखंड के प्रत्येक जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किए जाने पर शुभकामनाएं दीं।

### प्रदेश भाजपा सभी 513 सांगठनिक मंडलों में आयोजित करेगी योग दिवस

**RANCHI :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश के सभी 513 सांगठनिक मंडलों में पार्टी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पहल योग दिवस अब जन-जन का कार्यक्रम बन चुका है। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुंबकम है। उन्होंने कहा कि योग दिवस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह हरमू स्थित पटेल पार्क में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी गिरिडीह के माउरी भवन में, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास भालूबासा जमशेदपुर स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश एवं जिला स्तर के सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### महा जनसंपर्क अभियान में कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंकें : ज्ञान रंजन

**DHANBAD :** कृष्णकिशोर लाल मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में मंगलवार 20 जून को भाजपा टुंडी प्रखंड के पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र के संयोजकों की बैठक मंडल अध्यक्ष अवध चौधरी की अध्यक्षता में हुई. बैठक का संचालन महामंत्री संदीप मंडल ने किया. बैठक को संबोधित करते हुए ग्रामीण भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 सीट लाने का लक्ष्य समाज के सभी वर्गों का समर्थन लेकर ही प्राप्त किया जा सकता है. महाजनसंपर्क अभियान उसकी एक कड़ी है. उन्होंने कहा कि बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक के कार्यकर्ता लगातार 10 दिनों तक इस अभियान में जुट जाएं. इस अभियान की सफलता ही गिरिडीह लोकसभा और टुंडी विधान सभा क्षेत्र में कमल खिलाएगी। महाजनसंपर्क अभियान के टुंडी मंडल के संयोजक गोपाल पांडेय ने मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत करने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र स्तर पर एक पदाधिकारी को इसकी जिम्मेवारी दी जाएगी, जो प्रतिदिन मॉनिटरिंग करेंगे. उन्होंने बूथ स्तर पर 2 से 5 लोगों की टोली बनाने की बात कही। जिला महामंत्री दिनेश सिंह और किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव मिश्रा ने मोदी सरकार के 9 वर्ष कार्यकाल की उपलब्धियां बताईं. जिला अध्यक्ष ने सभी शक्ति केंद्र के संयोजकों के बीच प्रदेश से प्राप्त सामग्री का वितरण किया. जिला अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के गिरिडीह के कार्यक्रम में टुंडी से 500 लोगों को ले जाने का आह्वान किया. जिलाध्यक्ष एवं पूरी टीम ने कोलहर के एक घर में पर्चा देकर व उपलब्धि बताकर कार्यक्रम की शुरूआत की. भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने पार्टी की आजीवन सहयोग निधि में 51,000 रुपये का चेक टोली के संयोजक गोपाल पांडेय को सौंपा। बैठक में फेनी यादव, तिलक मंडल, नागेश्वर पंडित, दशरथ ठाकुर, पप्पू पंडा, चंद्रमोहन राय, विमल दा, ललन चौधरी, द्रौपदी देवी, माया देवी, विजय चौधरी, चंदेश्वर मिस्त्री, नकुल सिंह, हरिश्चंद्र मुर्मू, गणेश राय, बलराम सिंह, विकास चंद्र आदि मौजूद थे।

BRIEF NEWS

### कांके रिजॉर्ट के संचालक डीके सिंह समेत आधा दर्जन से अधिक पर एफआइआर

**RANCHI :** शनिवार की देर रात तक सिंगर गुरु रंधावा ने लोगों को कांके रिजॉर्ट में खूब झुमाया। रंधावा संगीत परोस रहे थे और दूसरी तरफ इवेंट मैनेजमेंट और कांके रिजॉर्ट के संचालक शराब परोसने को लेकर झगड़ा कर रहे थे। बात इतनी बढ़ गयी कि अब पुलिसिया चक्कर लग रहे हैं। हालांकि कांके क्षेत्र में बाहुबली माने जानेवाले डीके सिंह और उनके लोगों पर अपने रुतबे का प्रभाव दिखाने का सीधा आरोप लग रहा है। नहीं तो एक ही मामले में पुलिस भला एक पार्टी पर एक ही और दूसरी पार्टी पर चार एफआइआर क्यों दर्ज करती। खैर, इधर कांके थाना में कांके रिजॉर्ट के संचालक डीके सिंह के रिश्तेदारों पर एफआइआर दर्ज हुआ है। डीके सिंह के नजदीकी और कांके रिजॉर्ट के कामकाज को संभालनेवाले गुंजन सिंह, अमिताभ रंजन उर्फ राहुल सिंह, मनीष शर्मा, कांके रिसॉर्ट के मैनेजर केके, ब्लू स्टोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक संजीव सिंह, सान्वी नारायण, आदित्य विक्रम व बाउंसर्स समेत कई लोगों पर कांके थाना में एफआइआर दर्ज हुआ है।

### योग शिक्षकों की नियुक्ति में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**RANCHI :** सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय में योग शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए पीड़ित योग शिक्षकों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति रांची, सदर अस्पताल परिसर रांची के द्वारा दिनांक 31 मई को साक्षात्कार लिया गया था, जिसमें योग्य योग शिक्षकों का चयन ना कर, पैसा लेकर पद को बेचने का आरोप लगाया गया। कुछ दिन पहले सिविल सर्जन के हस्ताक्षर से रांची जिला के विभिन्न स्थानों के लिए वैकेंसी निकाली गई थी, इसमें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की बात कही गई थी और इंटरव्यू के बेसिस पर उनका चयन किया जाना था। लेकिन इंटरव्यू के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई और योग शिक्षकों के चयन में भारी अनियमितता बरती गई। इनका कहना है कि '5 सदस्यीय साक्षात्कार समिति में केवल एक योग विशेषज्ञ को रखा गया। अन्य सदस्य यह समझने में सक्षम ही नहीं थे कि प्रश्नों के उत्तर सही हैं या गलत। साक्षात्कार के नाम पर केवल औपचारिकता पूरी की गई है।

### पेंशनधारी स्वतंत्रता सेनानियों के चिकित्सा भत्ता के लिए 47 लाख आवंटित

**RANCHI :** रांची समेत 16 जिलों के पेंशनधारी स्वतंत्रता सेनानी और उनके आश्रितों को चिकित्सा भत्ता मिलेगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में उनके लिए 47.07 लाख रुपये आवंटित किये गये हैं। इसको लेकर गृह विभाग ने सभी डीसी को आदेश जारी किया है। इनमें रांची, चतरा, देवघर, धनबाद, दुमका , गिरिडीह, गोड्डा, हजारीबाग, जमशेदपुर, जामताड़ा, कोडरमा, लातेहार, पाकुड़, पलामू, साहिबगंज और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं।

### कैंसर अस्पताल से सुकुरहुट्टू तक बनेगा फोरलेन रोड

**RANCHI :** कांके चौक स्थित टाटा कैंसर अस्पताल से सुकुरहुटटू रिंग रोड तक जोड़ने वाली सड़क को फोरलेन किया जायेगा। पथ निर्माण विभाग इसके निर्माण की तैयारी कर रहा है। इंजीनियरों को इस प्रमुख सड़क का डीपीआर तैयार कराने का निर्देश दिया है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# रांची में पहली बारिश ने खोली नगर निगम के व्यवस्था की पोल सड़कें हुई लबालब, घरों और दुकानों में घुसा नालियों का पानी

**SUHAIB ANSARI, RANCHI :** रांची का नगर निगम अपने कर्तव्यों को कितना निर्वहन कर रही है, इसकी पोल पहली बारिश में ही खुल गई। मंगलवार को हुई औसत बारिश में ही सड़कें लबालब हो गई। कई जगहों की सड़कें तालाब में तब्दील हो गई। कई ऐसे इलाकों में पानी भर गया, जहां ऐसा नजारा नहीं दिखता था। दोपहर तक धूप के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज बारिश हुई। करीब एक घंटे तक हुई बारिश के बाद शहर का कई हिस्सा पानी-पानी हो गया। अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित कई मोहल्लों में जल जमाव हो गया। घरों में बारिश और नाली का गंदा पानी तक घुस गया। सबसे खराब स्थिति सेवा सदन, माहेश्वरी धर्मशाला के आसपास की रही। जहां, घरों और दुकानों में नाली की गंदा पानी घुस गई। यही हाल बकरी बाजार के आसपास की भी थी, जहां लोगों को परेशान होना पड़ा। सड़क तालाबनुमा बन चुकी थी। घरों के अंदर से पानी किसी तरह बाहर निकालना पड़ा। रातू रोड का भी यही हाल था, इन इलाकों की कई दुकानों में पानी घुस गई।


रातू रोड में बारिश के बाद सड़क तालाब में हुआ तब्दील ● फोटोन न्यूज


शहर में बारिश के बाद सड़क पर बहता नाले का पानी ● फोटोन न्यूज


सेवा सदन रोड में बारिश के बाद सड़क पर भारी जलजमाव ● फोटोन न्यूज

**खुले नाले दे रहे हादसे को निमंत्रण**

हरमू के पाश इलाकें कुंज विहार में भी खतरनाक नाला है। जो दो फिट तक गहरा है। प्रत्येक वर्ष यहां जलजमाव होता है। नगर निगम हर बार नालें को स्लैब से ढ़कने की बात कहता है लेकिन अबतक नालें को ढ़का नहीं गया है। नालें की सफाई भी नहीं हुई। कचरा से नाला भरा हुआ है। लोगों को बचाने के लिए नालें के आसपास रेड रिबन भी नहीं लगाया गया है। इसके साथ ही हरमू राजपथ में नालियों का स्लैब टूटा हुआ है। नालियों के आसपास साइन बोर्ड या रिबन भी नहीं लगाया गया है। नाली में कचरे का भरमार है। स्थानीय लोगों का कहना हैं की पीडब्ल्यूडी को निर्माण करना है। कई बार इंजीनियर को दिखलाने के बावजूद भी यह काम आगे नहीं बढ़ रहा है आखिर जिम्मेदारी किसकी है।

**टूटे नालियों के सलैब, हो रही अनदेखी**

कोकर के महावीर नगर निगम में अबतक नालें का निर्माण ही नहीं हुआ है। नाली कचरे से भरी हुई है। नालियों के स्लैब टूट चुके है। नालियां ओवरफ्लों होकर सड़क पर बह रही है। स्थानीय लोगों को प्रतिदिन नाली का गंदा पानी को लांघकर जाना आना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना हैं की लगातार शिकायत करने के बावजद अबतक नाली का निर्माण नहीं कराया है।

**करोड़ों खर्च, बावजूद सभी प्रमुख सड़कों पर जलजमाव :** एक घंटे तक हुई बारिश ने रांची नगर निगम की सारी तैयारी और साफ-सफाई की दास्तान सामने लाकर रख दी है। निगम प्रतिमाह करीब चार करोड़ रुपए खर्च करता है। इसके बावजूद हर साल हल्की बारिश में नालियों में जमा गंदगी सड़क पर फैल जाती है। इस बार फिर वही हुआ। मेन रोड, कचहरी रोड, सर्कुलर रोड, रातू रोड हरमू रोड, बरियातू रोड पर नाली का पानी भर गया। लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। एमजी रोड की कई दुकानों में नाली का गंदा पानी प्रवेश कर गया। इससे दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रातू रोड कब्रिस्तान के सामने नाली ओवरफ्लो होकर बहने लगा।

**नालियों में जमा है कचराः** शहर के सभी प्रमुख सड़कों की नालियों में कचरा जमा है। इसकी साफ-सफाई नहीं होने से पहली बारिश में ही नालियों का पानी सड़क पर बहने लगा। अक्सर देखा जाता है कि निगम की ओर से नालियों से कचरा हटाकर उसके बाहर ही रख दी जाती है, जो कुछ ही देर में वापस नालियों में चली जाती है। मंगलवार की बारिश में नालियों का कचरा भी जलजमा का एक बड़ा कारण बना।

# JSEB के पूर्व अध्यक्ष शिवेंद्र वर्मा की याचिका हुई खारिज

## सिकिदिरी विद्युत परियोजना में 20.87 करोड़ घोटाला का मामला




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के रखरखाव एवं मरम्मत में 20.87 करोड़ रुपये के हुए घोटाला मामले में झारखंड राज्य बिजली बोर्ड (जेएसईबी) के पूर्व अध्यक्ष शिवेंद्र नाथ वर्मा की ओर से सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिए जाने को चुनौती वाली याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने शिवेंद्र नाथ वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया है। पूर्व में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, सीबीआई ने इस घोटाले में भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल), भोपाल के तीन वरीय पदाधिकारी एवं जेएसईबी के तत्कालीन अध्यक्ष शिवेंद्र नाथ वर्मा समेत 7 लोगों के खिलाफ सीबीआई कोर्ट ने 17 जनवरी 2023 को आरोप गठित किया था। इसके पहले सीबीआई कोर्ट ने शिवेंद्र नाथ वर्मा के डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इस मामले में सीबीआइ ने दो जून 2016 को कांड संख्या 7/2016 दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ की थी।

### आज नए हाईकोर्ट भवन में जज करेंगे योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्री के मेंबर, हाईकोर्ट के कर्मी योगा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने दी है। उन्होंने बताया कि धुर्वा स्थित हाईकोर्ट के नए भवन में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर योगा कैंप का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 21 जून को सुबह 6:30 बजे प्लाजा, सेरीमोनियल गेट के नजदीक, धुर्वा स्थित हाईकोर्ट के नए भवन में होगा। योगा कैंप के लिए हाई कोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्री के मेंबर और हाईकोर्ट के कर्मी को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा हाईकोर्ट के एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी योगा कैंप में आमंत्रित किया गया है। रजिस्टार जनरल ने बताया कि भारत सरकार के लॉ एंड जस्टिस मंत्रालय की ओर से भी कानून मंत्री ने झारखंड के हाई कोर्ट एवं डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर योगा कार्यक्रम के आयोजन करने को लेकर पत्र लिखकर अनुरोध किया गया है।

**क्या है पूरा मामला**

स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए वर्ष 2011-12 में टेंडर निकाला गया। टेंडर में न्यूनतम 59.75 लाख रुपये एवं अधिकतम 20.87 करोड़ रुपये का आवेदन आया। जेएसईबी के तत्कालीन अध्यक्ष एवं भेल के तीनों वरीय पदाधिकारियों ने आपराधिक साजिश एवं पद का दुरुपयोग करते हुए टेंडर सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी को काम दे दिया। जबकि कम दर वाली कंपनी ने भी निविदा भरी थी। वही, रखरखाव एवं मरम्मत में अधिकतम 2.5 करोड़ रुपये खर्च किया जाना था।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र की मौत मामले की होगी जांच, कब्र से निकाला गया शव

**CRIME REPORTER RANCHI :** दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र रहे राहुल मिंज की मौत के मामले की जांच होगी। इसको लेकर मंगलवार को हाईकोर्ट के आदेश के बाद लालपुर थाना पुलिस और मजिस्ट्रेट अमित भगत मजदूरों को साथ लेकर कब्रिस्तान पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच राहुल मिंज के शव को कब्र से बाहर निकलवाया। शव को पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया। शव की फॉरेंसिक जांच यह साबित करेगी कि राहुल की मौत स्वाभाविक थी या फिर किसी साजिश के तहत उसकी हत्या की गई।



लालपुर थाना की पुलिस के मौजूदगी में शव निकालते मजदूर ● फोटोन न्यूज

उल्लेखनीय है कि राहुल मिंज की मौत बीते 2 जून को हो गई थी। उसके शव को लालपुर थाना क्षेत्र के सरईटांड़ स्थित कब्रिस्तान में दफना दिया गया था। राहुल की बहन कुसुम मिंज ने हत्या की आशंका जताते हुए पूरे मामले की जांच के लिए हाईकोर्ट पहुंची थी। हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद राहुल की मौत मामले में लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# चलती कार में लगी आग, अफरा-तफरी

**CRIME REPORTER RANCHI :** चुटिया थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित सुजाता चौक के पास आज मंगलवार को चलती कार में अचानक आग लग गयी। राहत की बात यह है कि आग लगने से किसी भी प्रकार की कोई हताहत नहीं हुई है। चालक की सूझ बूझ से कार में सवार लोगों की जान बच गई। हालांकि आग लगने से आसपास में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। फिलहाल आग लगने के कारण का पता अभी नहीं चल पाया है।


धू-धू कर जलती कार ● फोटोन न्यूज

**जाम होने के कारण देर से पहुंची दमकल की गाड़ी :** आस-पास के लोगों ने अगलगी की जानकारी अग्निशमन विभाग को दे दी। लेकिन रास्ते में जाम होने की वजह से दमकल वाहन को आने में देर हो गयी। जिसकी वजह से कार पूरी तरह से जल गयी। इससे पहले भी बीते 17 जून की देर रात चान्हो स्थित एनएच-39 पर चलती कार में अचानक आग लग गयी थी। इस हादसे में शादी समारोह में भाग लेने जा रहे छह लोग बाल-बाल बचे थे। वहीं हादसे में कार पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गयी थी।

# जांच आयोग ने IAS राजीव एक्का प्रकरण में पांच जुलाई तक नागरिकों से मांगा सबूत

**CRIME REPORTER RANCHI :** आइएएस राजीव अरूण एक्का प्रकरण में एक सदस्यीय जांच आयोग ने अब 5 जुलाई तक लोगों से मदद मांगी है। इससे पहले 15 जून तक यह डेडलाइन तय था। पर आयोग ने पाया कि इस अवधि तक उसकी उम्मीदों के अनुसार पर्याप्त संख्या में लिखित प्रमाण के साथ लोगों ने संपर्क नहीं किया है। ऐसे में आयोग ने अवधि विस्तार करते हुए एक बार और अंतिम मौका देते हुए 5 जुलाई तक अवधि विस्तार किया है। कथित पावर ब्रोकर विशाल चौधरी के आवासीय कार्यालय में बैठकर राजीव अरुण एक्का द्वारा सरकारी फाइलों के निष्पादन से जुड़े वायरल वीडियो मामले से संबंधित किसी तरह का साक्ष्य अगर किसी के पास हो तो वह अपना लिखित पक्ष इस डेट तक कांके रोड स्थित एक्साइज भवन में स्थित आयोग के कार्यालय में दे सकता है।


राजीव अरूण एक्का

गौरतलब है कि पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने पिछले दिनों प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कहा था कि आइएएस राजीव अरुण एक्का दलाल विशाल चौधरी के निजी कार्यालय में बैठकर सरकारी फाइलों का निपटारा करते हैं। इसके जरिये कमीशनखोरी को अंजाम दिया जाता है।

# रांची में दो CYBER अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे बिजनेस प्रोवाइड कराने के नाम पर करते थे ठगी

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची के गोंडा थाना की पुलिस ने साइबर सेल के साथ मिलकर गिरिडीह के 2 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में ब्रह्मदेव पासवान पिता टेकलाल पासवान और सोनू कुमार बर्नवाल पिता संजय बर्नवाल शामिल हैं। इनके पास से 1 लाख 95 हजार 600 रुपए नकद, अलग-अलग बैंक के 12 पासबुक, विभिन्न बैंकों के 34 एटीएम कार्ड, धनी पे का एक प्रीपेड कार्ड, आसूस कंपनी का एक लैपटॉप, एक 64 जीबी का पेनड्राइव, 8 मोबाइल, 8 सिम कार्ड, 12 आधार कार्ड और 2 पैनकार्ड बरामद किया है। पूछताछ के क्रम में दोनों अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। इसकी जानकारी रांची की साइबर डीएसपी सुश्री यशोधरा ने मंगलवार को गोंडा थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर दी।


बरामद सामान

### सात महीने से लोगों को लगा रहे थे चूना

साइबर डीएसपी ने बताया गिरफ्तारी बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू की रहनी वाली रीता देवी ने गोंडा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि ब्रह्मदेव प्रसाद और सोनू कुमार वर्णवाल ने सात हजार रुपये की ठगी की है। इसके बाद साइबर सेल एवं गोंदा थाना ने संयुक्त टीम बनाकर कांके के गांधीनगर से दोनों को गिरफ्तार किया। साइबर डीएसपी ने बताया कि पूछताछ में अपराधियों ने बताया कि वे 7 महीने से धोखाधड़ी व ठगी कर रहें हैं। अपराधियों ने पुलिस को बताया कि लोगों को बिजनेस प्रोवाइड कराने के नाम पर ठगी किया करते थे। साथ ही बताया कि अलग अलग लोगों से अबतक 41 हजार रुपये की ठगी की थी। जिसमें वैष्णवी नमक युवती से 7 हजार, भूमि से 5 हजार, अतर से 10 हजार व हीरेन से 12 हजार रुपए की ठगी किए हैं। अपराधियों में पुलिस को बताया कि एक्सिस बैंक गिरिडीह ब्रांच में फर्जी अकाउंट खोलने में एक्सिस बैंक गिरिडीह ब्रांच के कर्मचारी रमित सिंह की मिलीभगत से फर्जी अकाउंट खोला करते थे।

## सर्विस रिकॉर्ड और परफॉर्मेंस को आधार बनाकर तैयार की गई थी प्रोन्नति की फाइल

# झारखंड के 24 DSP बने SP, UPSC ने लगाई मुहर

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड पुलिस सेवा के 24 डीएसपी को एसपी रैंक में प्रोन्नति मिल गई है। सोमवार को यूपीएसएसी के दिल्ली स्थित ऑफिस में हुए सलेक्शन कमेटी की बैठक के बाद प्रोन्नति पर सहमति बनी। इसके अलावा वन सेवा के एक पदाधिकारी को भारतीय वन सेवा में प्रोन्नति देने पर मुहर लगी। यूपीएससी की सेलेक्शन कमेटी की मिनट्स जारी होने के बाद इस संबंध में आधिकारिक तौर अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। सभी के सर्विस रिकॉर्ड और परफॉर्मेंस को आधार बनाकर प्रोन्नति की फाइल तैयार की गई थी। सलेक्शन कमेटी की बैठक में झारखंड सरकार की तरफ से मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, कार्मिक विभाग की सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अजय कुमार सिंह शामिल हुए थे।

**सेकेंड बैच के तीन और थर्ड बैच के एक को नहीं मिली प्रोन्नति**

बैठक में सेकेंड बैच के तीन डीएसपी राधा प्रेम किशोर, शिवेंद्र और मुकेश महतो के नाम पर विचार नहीं किया गया। सीबीआई जांच के दायरे में होने के कारण इन अधिकारियों की प्रोन्नति पर विचार नहीं किया गया। जबकि धनबाद में फायरिंग केस में आरोपी और चार्जशीटेट होने के कारण वरीयता क्रम में ऊपर होने के बावजूद मजरूल होदा के नाम पर विचार नहीं किया गया। झारखंड पुलिस में 2017, 2018, 2019 और 2020 बैच की 24 रिक्तियों को लेकर वरीयता के आधार पर चर्चा हुई। खेल कोटा से बहाल सरोजनी लकड़ा और अमेल्डा एक्का को भी आईपीएस में प्रोन्नति दी गई है। सेकेंड बैच के डीएसपी रहे सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय,विजय आशीष कुजूर को भी आईपीएस का 2017 बैच आवंटित किया गया है। इसके अलावा थर्ड बैच से दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, दीपक कुमार-1, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेश नैथानी, अजय कुमार-1, आरिफ एकराम, विमल कुमार, अविनाश कुमार के नाम पर चर्चा हुई।

# सड़क सुरक्षा को जागरुक रहे : TRAFFIC SP

**CRIME REPORTER RANCHI :** शहर के ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां ने मंगलवार को मेन रोड स्थित केबी एकेडमी स्कूल परिसर में विभिन्न समाजसेवी संगठनों के साथ बैठक की। इस दौरान ट्रैफिक एसपी ने रोड सेफ्टी के संबंध में चर्चा की। बैठक के बाद एसपी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता जरूरी है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से रोड सेफ्टी पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में आने के बाद से वह प्रशासन-पुलिस के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में समाजसेवियों से भी विचार-विमर्श कर रहे हैं। उनका मकसद है कि पुलिस और समाज क्या चाहती है, क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए। कैसे कमियों को दूर किया जा सकता है, उस पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विभिन्न संस्था से जुड़े समाजसेवियों ने एक-एक कर के अपनी बात रखी। सभी को सुनने के बाद ट्रैफिक एसपी ने कहा अभियान चलाकर कार्रवाई होती है लेकिन जब तक लोगों में स्वयं जागरुकता नहीं आएगी तब तक अकेली पुलिस भी कुछ नहीं कर सकती।

# राउरकेला में जगन्नाथ रथ यात्रा पर 'द फोटोन न्यूज' की दस्तक, लगा शिविर

## मंत्री शारदा नायक उद्घाटन पर बोले- जन मुद्दों की बात कर अपनी अलग पहचान कायम करेगा अखबार





शिविर का उद्घाटन करने के बाद मौजूद लोगों को संबोधित करते श्रम मंत्री शारदा नायक सहित अन्य ● द फोटोन न्यूज



शिविर में भक्तों सेवा के लिए मौजूद स्थानीय लोग ● द फोटोन न्यूज

**VISHWAJEET DAY ROURKELA :** मीडिया समूह मां मीडिया वेंचर की तरफ से संचालित बाइलिंगुअल समाचार पत्र द फोटोन न्यूज ने महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा के शुभ अवसर पर मंगलवार को ओडिशा के प्रमुख शहर राउरकेला में अपनी दस्तक दे दी। नए कार्यालय का उद्घाटन करने से ठीक पहले मीडिया समूह की ओर से रथ यात्रा में शामिल भक्तों की सेवा के लिए मेन रोड पर जलपान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन स्थानीय विधायक और ओडिशा सरकार के श्रम मंत्री शारदा नायक ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है,जब कोई मीडिया समूह अपना औपचारिक कार्यालय खोलने से पहले जनता की सेवा में सड़क पर शिविर लगाकर खड़ा हुआ। यह पहल समूह की सामाजिक सरोकार के प्रति निष्ठा का परिचय देता है। ओडिशा के लिए भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा सबसे पवित्र अवसर है। इस दिन हम सबके मंगल की कामना करते हैं। हमारा पूर्ण विश्वास है कि द फोटोन न्यूज समाचार पत्र और वेब पोर्टल के माध्यम से जनता के मुद्दों की बात कर राज्य में अपनी अलग पहचान कायम करेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के बीच संतुलन कायम रखने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। इसीलिए मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। हमें उम्मीद है कि द फोटोन न्यूज लोगों की आशा आकांक्षा और अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरेगा। मां मीडिया वेंचर के निदेशक मंडल में शामिल जीएम त्रिपाठी ने कहा कि हमारा समूह लाभ के लिए व्यवसाय नहीं करता। हम जनता की सेवा को ही अपना सर्वोत्तम लक्ष्य मानते हैं। देश की एकता अखंडता और विकास में हम जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित कराना चाहते हैं। हमें अपने इतिहास पर गर्व है। संस्कृति को हम अपनी संपदा मानते हैं। जनसेवा को हम अपना कर्तव्य समझते हैं। यही कारण है कि अपना कार्यालय खोलने से पहले हमने जनता की सेवा में शिविर का आयोजन किया। महाप्रभु से हमारी अपार आस्था है। ओडिशा ने हमेशा से देश को दिशा देने का कार्य किया है। हमें उम्मीद है कि राज्य हमारे समाचार समूह के अपने परिवार का हिस्सा मानते हुए अपनायेगा।

**हजारों की संख्या में भक्तों की हुई सेवा :** राउरकेला में लगाये गये शिविर के दौरान हजारों भक्तों के बीच पेयजल सहित अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, प्रमोद शर्मा, विकास शुक्ला, अबू सालेह उर्फ पिंटू, विकास अग्रवाल उर्फ भीखू, बीजद अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष, जसविंदर सिंह गोल्डी, अल्पसंख्यक सेल के जिलाध्यक्ष मो खालिद अजीज, पूर्व पार्षद अफरोज अहमद, युवा बीजद अध्यक्ष सुशांत राउत उर्फ बुबुली, नगर अध्यक्ष गगन पंडा, लक्ष्मी सिंह, बबुआ भाई, राजू जोशी, पप्पू जायसवाल, इंद्रजीत डे, बंगाली एसोसिएशन के उज्ज्वल राय, रवि पाल, रॉबिन दा, सौरभ, मानवेंद्र राय, उत्तम दा, गुनोमोय गांगुली सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# कोडरमा में हत्याकांड का खुलासा, मां-बेटा गिरफ्तार

**PHOTON NEWS KODERMA :** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोतियाबर में एक व्यक्ति की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने के आरोप में पत्नी और पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। एसपी कुमार गौरव ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोडरमा थाना कांड सं 110/23 का उद्भेदन कर लिया गया है। इस मामले में विनय पाण्डेय की पत्नी व उनके पुत्र के बीच हुए झगड़े में उनकी हत्या कर शव को आत्महत्या के रूप देने के लिए पत्नी वीणा देवी व पुत्र बिट्टु पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि आपसी विवाद में वीणा देवी एवं बिट्टु पाण्डेय ने विनय पाण्डेय का रस्सी से गला घोंटकर जान से मार दिया और हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए घर के सामने के पेड़ में रस्सी से लटका दिया। साथ ही साक्ष्य को मिटाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने कांड के अनुसंधान के दौरान घटना में प्रयुक्त रस्सी, लोहे का बैठिन (चिलोही) तथा बिट्टू पाण्डेय का फटा हुआ दो सैण्डो गंजी को बरामद करते हुए वीणा देवी और बिट्टु पाण्डेय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एक अन्य मामले में जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपराडीह रेलवे स्टेशन पर बरामद बब्लू मोदी के शव मामले में मृतक की पत्नी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# एडीजे के डाइवर को मारी गोली

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** शहरी क्षेत्र के बीएस कॉलेज के समीप दिनदहाड़े दो युवकों ने गोली चला कर एक युवक को घायल कर दिया। जानकारी अनुसार शहरी क्षेत्र के बसार टोली निवासी 23वर्षीय अभिषेक कुमार साहू पिता भुनेश्वर साहू बीएस कॉलेज के समीप निवास के दुकान में बैठा था। इसी बीच मोटरसाइकिल में सवार दो अपराधी हेलमेट पहने पहुंचे और अभिषेक साहू पर गोली चला दिया। इस घटना में अभिषेक साहू के दाहिने हाथ में गोली लगी जिसके बाद मोटरसाइकिल में पीछे बैठा युवक द्वारा चाकू से वार किया गया। चाकू उसके बाएं हाथ में लगी है। अभिषेक कुमार साहू ने बताया कि दोनों हमलावरों को वह पहचानता है।

# ठाकुरबाड़ी से धूमधाम से निकाली गयी रथयात्रा



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS LATEHAR :** मंगलवार को शहर के बीचोबीच राधाकृष्ण मंदिर (ठाकुरबाड़ी) से भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गयी। इससे पहले मुख्य यजमान योगेश प्रसाद व उनकी पत्नी रीना देवी ने भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलराम व बहन सुभद्रा के विग्रहों की पूजा अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चारण मंदिर के महंत दिलीप उपाध्याय ने किया. इसके बाद योगेश प्रसाद सप्तनीक ने रथ की रस्सी खींच कर रथ यात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद मंदिर परिसर में रथ खींचने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया।

### शहर के प्रमुख मार्गो से निकली रथयात्रा

रथ यात्रा शहर के मुख्य पथ होते हुए थाना चौक पहुंची। इसके बाद बाइपास चौक व मानस पथ होते हुए काली मंदिर मोड़ तक गयी। इसके बाद मुख्य पथ से वापस हो कर बाजारटांड़ स्थित मौसीबाड़ी गयी। यहां नौ दिनो तक भगवान जगन्नाथ रहेंगे, इसके बाद वापस लौटेंगे।

मौके पर पवन कुमार गुप्ता, राजेश प्रसाद अग्रवाल, विजय प्रसाद, ब्रजेश अग्रवाल, गिरधारी प्रसाद, सुनील प्रसाद, राजन तिवारी, अंकित पांडेय व गौरव अग्रवाल समेंत कई लोग शामिल थे। महंत उपाध्याय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष में द्वितीय तिथि को रथ यात्रा निकाली जाती है।

### 1833 से निकाली जा रही है रथयात्रा

लातेहार शहर में बाजारटांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर से महंत पूरन दास जी महाराज ने वर्ष 1833 में रथयात्रा की शुरूआत की थी। वर्ष 1994 तक प्राचीन शिव मंदिर से ही भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलराम के विग्रहों को रथों पर आरूढ़ कर यह यात्रा निकाली जाती रही। महंत पूरन दास जी महाराज के निधन के बाद उनके वंशज महंत शरण दास, महंत जनक दास, महंत यदुवंशी दास तथा 1970 से महंत मुनी दास जी महाराज ने यह जिम्मेदारी संभाली। उस समय यह रथयात्रा प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण के उपरांत तीनों विग्रह धर्मपुर मौसीबाड़ी तक जाती थी। पुनः नौ दिनों बाद तीनों विग्रहों को प्राचीन शिव मंदिर लाया जाता था। जब वर्ष 1994 में लातेहार शहर के मेन रोड में ठाकुरबाड़ी का निर्माण हुआ, तब आमलोगों की सहमति के बाद ठाकुरबाड़ी से भगवान श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलराम की रथयात्रा निकाली जाने लगी। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा लातेहार शहर में एकमात्र ठाकुरबाड़ी मंदिर से ही निकाली जाती है।

# बिरसा कॉलेज स्टेडियम में आज होगा जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन



**PHOTON NEWS KHUNTI :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिले में विशेष आयोजन की तैयारी की जा रही है। 21 जून को जिला स्तर पर बिरसा कॉलेज स्टेडियम में योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि सुबह छह बजे से आयोजित होनेवाले योग दिवस में योग प्रशिक्षक के रूप में अशोकानंद शास्त्री (बालाजी गुरुकुलम हैदराबाद) शामिल होंगे।

साथ ही पतंजलि एवं जिला आयुष समिति के सभी सदस्य योग दिवस में भाग लेंगे। उपायुक्त के निर्देश पर जिले के सभी पदाधिकारी, कर्मियों के साथ ही सीआरपीएफ और पुलिस कर्मी भी शामिल होंगे। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एवं शिक्षक भी इसमें प्रतिभागी रहेंगे। आयोजन को लेकर जिला आयुष पदाधिकारी और पतंजलि योग समिति द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

# जामताड़ा : सात एथलेटिक्स खिलाड़ी पटना रवाना

**PHOTON NEWS JAMTARA :** स्पोर्ट्स अथॉरिटी आफ बिहार की ओर से 20 जून से 5 जुलाई तक पटना के पाटलिपुत्र कंपलेक्स स्टेडियम में जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा. प्रशिक्षण के लिए जामताड़ा के सात खिलाड़ियों का चयन हुआ है. जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने 20 जून को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी. चयनित खिलाड़ियों में सविता मुर्मू, सुजीत मंडल, प्रियंका साव, अर्पिता साहू, रोहित कुमार, रहीम अंसारी, विक्की लोहरा शामिल हैं. इन खिलाड़ियों के साथ कोच छोटेलाल कामत भी पटना गए हैं।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 11 से 13 जनवरी तक पटना में जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया था. इस प्रतियोगिता में जामताड़ा के 7 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इन्हीं सात खिलाड़ियों को पटना प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है. खिलाड़ियों को उच्च श्रेणी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर राजीव रजक, राजेश शर्मा, राजीव साव, मिली त्रिवेदी, पूनम शर्मा, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, देवाशीष मुखर्जी, सोनाली कुमारी, दीपक रजक, पुर्णिमा किस्कू, राजकिशोर शर्मा मौजूद थे।

# कुल्हाड़ी से मारकर पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** जिले के गावां थाना क्षेत्र अंतर्गत बिश्नीटीकर गांव में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी है। घटना मंगलवार दोपहर बाद की है। पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया गया कि बिश्नीटीकर निवासी कोलेश्वर यादव (25) ने खाना बनाने के विवाद में इंदु देवी (22) की टांगी से प्रहार कर हत्या कर दी। महिला का मायका गावां थाना क्षेत्र के खेशनरो गांव में है। उसकी मां जनक्वा देवी ने कहा कि उसकी पुत्री की शादी ढाई वर्ष पूर्व बिश्नीटीकर निवासी कोलेश्वर यादव से हुई थी। कुछ माह बाद दहेज को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित किया जाना लगा। कई बार पंचायत भी हुई थी लेकिन हल नहीं निकला।

उसने कहा कि मंगलवार को दोपहर में उसकी बेटी का पति घर आया व भोजन मांगा। भोजन दिए जाने पर वह भड़क गया व बोला खाना स्वादिष्ट नहीं है। इसी बीच घर में रखे कुल्हाड़ी को उठा कर कनपट्टी पर वार कर दिया और शव को बलेनो कार में रखकर ले जाने लगा। ग्रामीणों के सहयोग से वाहन को रोका गया और गावां थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

## आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष द्वितीया के पावन अवसर पर Kaitha में Rathyatra संपन्न

# मौसीबाड़ी गये भगवान जगन्नाथ, हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालु



**PHOTON NEWS RAMGARH :** आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष द्वितीया के पावन अवसर पर रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 26 कैथा में आयोजित रथयात्रा महोत्सव में अहले सुबह से ही भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के दर्शन पूजन को लेकर भक्तों का तांता लगा रहा। भगवान जगन्नाथ के मंदिर का कपाट भक्तों के लिए प्रातः काल से ही खोल दिया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद आदरणीय श्री चंद्रप्रकाश चौधरी एवम नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, शामिल हुए। भगवान के दर्शन पूजन कर गिरिडीह सांसद आदरणीय श्री चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि कैथा रथयात्रा का इतिहास स्वर्णिम है। रथयात्रा के आयोजन से क्षेत्र में सात्विकता और धर्म का संचार होता है। लोग सन्मार्ग की राह चलते हैं। उन्होंने भगवान जगन्नाथ से जगत कल्याण की कामना की।

वहीं मुख्य पुजारी बी.एन चटर्जी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि रथयात्रा और भगवान जगन्नाथ के पूजन का इतिहास पुरातन है। रथयात्रा के अवसर पर आयोजन समिति की ओर से खीर महाभोग का वितरण किया गया।

मेला परिसर में झूला, मिक्की माउस, सहित अन्य मनोरंजक झूलो पर बच्चे और युवा आनंद लेते दिखे। संध्या पहर में हजारों श्रद्धालुओं ने विधि अनुसार रथारुढ तीनों विग्रहों भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र को रस्सी के सहारे रथ को खींचते और जय जगन्नाथ स्वामी का जयघोष करते हुए मौसीबाड़ी पहुंचाया। पुनः आठ दिनों के पश्चात भगवान को घूरती रथ के पावन अवसर पर मौसीबाड़ी से मुख्य मंदिर में लाया जाएगा। हजारों श्रद्धालु भक्ती श्रध्दा से ओत-प्रोत हो मेले का आनंद लेते दिखे।

इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष देवधारी महतो सचिव राजेश महतो, कोषाध्यक्ष आशुतोष चटर्जी संरक्षक सुदर्शन महतो हरिहर पाठक, सूकर महतो राजकुमार महतो, संदीप कुमार महतो, संदीप महतो, अजय आस्था, रूपेंद्र महतो, संजय करमाली माधव करमाली, गणेश राम महतो, प्रकाश कुमार, छोटेलाल महतो, कौलेश्वर महतो, भीम महतो, संजय कुमार महतो, पंकज महतो, अमित दास, परितोष चटर्जी, राजेंद्र महतो, विनय कुमार सहित कैथा ग्रामवासी और हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## BRIEF NEWS

### देवघर में फर्नीचर दुकानदार की हत्या

**DEOGHAR :** देवघर के कुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवसंघ-सातर रोड के समीप माया पहाड़ी-दयाल गार्डेन के बीच स्थित झरिया बगान में फर्नीचर दुकानदार किशन सिंह (27) की हत्या पत्थर से कूचकर कर दी गयी। सूचना मिलते ही अहले सुबह करीब 5:30 बजे कुंडा थाने की पुलिस वहां पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से पुलिस ने मृतक की स्क्रीन टूटी मोबाइल सहित एक शराब की बोतल, दो पानी की बोतल व तीन डिस्पोजेबल ग्लास जब्त किया है।

### दुमका में ट्रक से टकराया पिकअप, दो की मौत

**DUMKA :** दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग स्थित आमतल्ला गांव के पास सोमवार देर रात आम लदे पिकअप वैन ने आगे चल रहे ट्रक में जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिकअप वाहन के चालक और खलासी की मौके पर ही दबकर मौत हो गई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमन राज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। किसी प्रकार ट्रक को आगे खिसकाते हुए पिकअप के दबे हुए हिस्से को निकाला गया। फिर क्रेन की मदद से शवों को निकालकर पिकअप को थाने लाया गया। फिलहाल, मृतकों की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### साहू कॉलोनी में शोक की अपूर्व लहर, चार दिनों में चार वरिष्ठ जनों की चिरविदाई

**RAMGARH :** रामगढ़ शहर के स्थानीय गोला रोड, साहू कॉलोनी में विगत चार दिनों में क्रमशः चार वरिष्ठ जनों की चिरविदाई हो गई है। उनके परिजनों में दिवंगतों के बिछोह का भारी शोक व्याप्त है। विदित हो कि दिनांक 15 जून 2023 को देवेन्द्र साह उर्फ चरका साह, 65 वर्ष, 16 जून को जगदीश साह, सीपीआई नेता, 80 वर्ष, 17 जून को अजनाशी देवी पत्नी स्व. जागेश्वर साह, 70 वर्ष तथा 18 जून को बंगाली साह, पूर्व प्रबंधक साहू धर्मशाला, 90 वर्ष की मृत्यु सूर्योदय होने के पूर्व हृदयगति के अचानक रुक जाने से हो गई। क्रमशः बीते चार दिनों में चार वरिष्ठ जनों की चिरविदाई से साहू कॉलोनी में अपूर्व शोक व्याप्त है। दिवंगतों की आत्मा की चिर-शान्ति की कामना के साथ यह जानकारी वरिष्ठ नागरिक संगम के महासचिव एस एस साह ने दी है।

### हजारीबाग में वज्रपात से तीन भैंसें मरीं

**HAZARIBAG :** कटकमसांडी प्रखंड के डांड़ में मंगलवार को वज्रपात से तीन भैंसें मर गईं। बताया गया कि भीषण गर्मी को देखते हुए किशोरी यादव ने तीनों पशुओं को पेड़ के नीचे बांधा था। इस बीच आंधी-पानी के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से भैंसें मर गईं। इससे 80 हजार रुपये की क्षति हुई है।

### लोहरदगा में वज्रपात से दो की मौत

**LOHARDAGA :** पेशरार थाना क्षेत्र के हेसाग पंचायत के बालाडीह चेनारी में आज दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से 14 वर्षीय संगीता कुमारी और 46 वर्षीय बसमतिया देवी की मौत हो गई जबकि 55 वर्षीय बुधमन खेरवार और 14 वर्षीय मनीषा कुमारी घायल हो गई। बताया जाता है कि सभी खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच हादसे के शिकार हो गए। घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### गाजे बाजे के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**LATEHAR :** बालूमाथ के शिव मंदिर से पुजारी दीनानाथ पांडेय के सानिध्य में रथ यात्रा निकाली गई. रथ में भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम व बहन सुभद्रा के विग्रहों को आरूढ़ कर गाजे बाजे के साथ रथ यात्रा निकाली गई. रथयात्रा में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़. भगवान जगन्नाथ जी की आरती पूजन करने व रथ खींचने के लिए लोगो में होड़ लगी रही. महिला, पुरुष व बच्चों ने भी भारी संख्या में भाग लिया. रथयात्रा बाजे गाजे के साथ शिव मन्दिर से निकाली गई. बालूमाथ शहर का भ्रमण करते हुए थाना चौक मुरपा मोड़, शहीद चौक, प्रखंड कार्यालय व पुराना बस स्टैंड टमटम टोला से होते हुए देर शाम भगवान जगन्नाथ का रथ मौसीबाड़ी के प्रांगण में आकर सम्पन्न हुआ. रथयात्रा में अरुण कुमार नाटो प्रजापति, बालेश्वर साव, कृष्णा साव, विनोद कुमार, आनन्द सोनी, राजेश कुमार, प्रेम प्रसाद, राजेश ठाकुर, प्रमोद साव, सुरेन्द्र सोनी, प्रयाग साव, आदित्य पांडेय, उपेंद्र रंगीला, रवि चौरसिया, धनश्याम यादव, विनय कुमार, तिलेश्वर साव उर्फ कारण साव सहित सैकड़ों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ का रथ खीचने में शामिल थे.

### विश्व योग दिवस पर जिला स्टेडियम में कार्यक्रम

**LATEHAR :** विश्व योग दिवस के मौके पर आयुष विभाग के द्वारा जिला स्टेडियम में प्रातः योग कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. इस कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के प्रतिनिधि भाग लेंगे. इस आशय की जानकारी पतंजलि योगपीठ के जिला प्रभारी लाल रणविजय नाथ शाहदेव व महिला प्रभारी सुनीता गुप्ता ने दी. उन्होंने लोगों से भाग लेने की अपील की है. वहीं डीवीसी के तत्वावधान मे होटल कार्निवल के पहले तल्ले में योग अभ्यास किया जायेगा।

### पुलिस बल को उड़ाने की साजिश नाकाम, गोइलकेरा से दो आईईडी व 5 स्पाइक हॉल बरामद



बरामद आईईडी व स्पाइक हाल। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिम सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान गोइलकेरा थाना क्षेत्र के ग्राम हाथीबुरू से लोवाबेडा के बीच में एवं द्वारकुदा से इचागोरा व बामियाबुरू के आस-पास जंगल पहाड़ी क्षेत्र से 2 आईईडी और 5 स्पाइक होल बरामद किया है. बरामद आईईडी को बीडीडीएस टीम की मदद से उसी स्थान पर विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया। बता दें कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में गैर कानूनी गतिविधि के लिए घूम रहे है. इस सूचना के आलोक में 11 जनवरी 2023 से चाईबासा पुलिस कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखण्ड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197 बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193 बटालियन, 07 बटालियन, 26 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 27 मई से एक अभियान टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम तुम्बाहाका एवं अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र एवं गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम कुईड़ा एवं मारादिरी के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है. अभियान के दौरान 20 जून को गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम हाथीबुरू से लोवाबेरा के बीच में एवं द्वारकुदा से इचागोरा तथा बामियाबुरू के आस-पास जंगल पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 5 किलो का दो आईईडी एवं रास्ते में गड्ढा करके गाड़े गए लोहे की रड और तीर (05 स्त्र्ब्री ल्ढ्ढ्री ) बरामद कर लिया गया. वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से आईईडी को विनिष्ट किया गया है. संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

# शहर में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की निकली भव्य RATHYATRA, सड़कों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## पुरी की तर्ज पर जमशेदपुर में भी निकाली गयी रथयात्रा, विभिन्न पूजा कमेटियां रथ यात्रा में हुईं शामिल


रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का उमड़ा हुजूम • फोटोन न्यूज


बिष्टुपुर में रथ यात्रा के दौरान उमड़े लोग • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में मंगलवार को रथयात्रा निकाली गयी। इस दौरान भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभदा संग रथ पर सवार हो मौसीबाड़ी पहुंचे। विभिन्न पूजा कमेटियां इस रथ यात्रा में शामिल हुईं। इससे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान अलग-अलग पूजा समितियों द्वारा प्रभु के रथों को सुंदर ढंग से सजाया-संवारा गया। भगवान का दर्शन-पूजन करने के लिए सुबह से लोगों की भीड़ मंदिरों में जुटने लगी थी। नेत्र उत्सव के बाद भगवान अपने भक्तों को पहली बार सार्वजनिक दर्शन दिए। शहर में आयोजित होने वाली रथ यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

रथयात्रा को लेकर पूजा समितियों ने व्यापक तैयारी की थी। रथ यात्रा के दौरान स्वयं सेवकों को जिम्मेदारी सौंपी गयी थी, ताकि यात्रा के दौरान किसी तरह की दिक्कत न हो। शहर भर में लगभग आधे दर्जन से ज्यादा मंदिरों से इस बार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकली गयी। इस दौरान सबसे बड़ी रथ यात्रा इस्कॉन की ओर से बिष्टुपुर राम मंदिर से निकाली गयी। जो करीब साढ़े चार किलोमीटर लंबी थी। यात्रा में शामिल भक्त इस दौरान भजनों पर झूमते नजर आए। यात्रा में शामिल होने के लिए झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल व ओडिशा के श्रद्धालु भी पहुंचे थे। यात्रा के अलग-अलग पड़ाव पर आरती की और उनका आशीर्वाद लिया। इस यात्रा में मंत्री बन्ना गुप्ता से लेकर विधायक सरयू राय व सांसद तक शामिल हुए। इसके अलावा उत्कल एसोसिएशन


उत्कल एसोसिएशन में भगवान जगन्नाथ की पूजा करते पंडित व अन्य • फोटोन न्यूज

साकची, बड़ा हनुमान मंदिर मानगो, बेल्डीह नागा मंदिर, खासमहल जगन्नाथ मंदिर, नामदा बस्ती काली मंदिर, रथ गली जुगसलाई, गांधी आश्रम बाराद्वारी में निकलने वाली यात्रा प्रमुख थी। रथ यात्रा को यादगार बनाने के लिए शहर के भक्त इस बार भगवान जगन्नाथ के रथ का फूलों से स्वागत किए। साथ ही फूलों की वर्षा के साथ भगवान का जयघोष करते हुए रथ को खींचा गया। रथ यात्रा को लेकर इस्कॉन मंदिर जमशेदपुर द्वारा इस बार खास तैयारी की गयी थी। भक्तों के साथ-साथ शहर के विभिन्न धार्मिक संगठनों एवम कीर्तन मंडली, हरे कृष्णा -हरे रामा के महामंत्र की धुन पर प्रभु जगन्नाथ, मां सुभद्रा एवं बलभद्र जी के रथ को मौसी बाड़ी तक ले जाएंगे।

**इन संगठनों का रहा सहयोग :** रथ यात्रा में मुख्य रूप से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर एवं सैन्य मातृ शक्ति, क्रीड़ा भारती, द वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी, रॉयल योगा, रोबिन हुड आर्मी, साईं वाटिका, श्री बाल गणपति विलास, ग्रीन कैप्स फाउंडेशन, प्रभु प्रेमी संघ, बिरसा मुंडा जन कल्याण समिति, जय हिंद क्लब एग्रिको, साइलेंट टेल्स एनजीओ, सहित दर्जनों छोटे बड़े संगठन शामिल हुए। स्वामी पद्मनाभ जगन्नाथ दास ने बताया कि रथयात्रा दोपहर 2:30 बजे बिष्टुपुर आंध्र भक्त श्री राम मंदिर से आरंभ होकर, गोपाल मैदान जुस्को गोल चक्कर, स्ट्रेट माइल रोड, कीनन स्टेडियम, साक्षी बड़ा गोल चक्कर, कालीमाटी रोड होते हुए शहीद चौक, साकची जैन भवन पर जाकर रात्रि 8 बजे समाप्त हुई।

# पदाधिकारी व कर्मी कार्यशैली सुधारें या कार्रवाई के लिए तैयार रहें : उप विकास आयुक्त



- समीक्षा बैठक में मनीष कुमार ने विकास कार्यों में धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** पूर्वी सिंहभूम जिले के उपविकास आयुक्त सह पोटका के वरीय प्रभारी मनीष कुमार ने पोटका प्रखंड का दौरा किया । इस दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से प्रखंड क्षेत्र मे चल रहे विकास योजनाओं की विस्तार से समीक्षा किया, जिसके पश्चात प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक किया । इस बैठक मे मनरेगा, आवास, कल्याण, पशुपालन, समाज कल्याण, जनवितरण, शिक्षा विभाग, 15वां वित्त आयोग तथा अन्य विभागों के कार्य की विस्तार से जानकारी लिया । लगभग सभी विकास योजनाओं में प्रखंड के खराब प्रदर्शन पर काफी अप्रसन्नता जाहिर करते हुये कहा कि एक माह में प्रखंड को पहले स्थान पर लाएं । उन्होंने कहा कि पोटका प्रखंड के खराब प्रदर्शन के कारण राज्यस्तर पर जिला का प्रदर्शन खराब प्रदर्शित होता है, इसमें पदाधिकारी व कर्मियों की अपने कार्य के प्रति उदासीनता साफ दिखती है। प्रखंड के पदाधिकारी-कर्मी अपने कार्यशैली मे सुधार लाये या जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी । मनरेगा के तहत प्रत्येक गांव मे 7-8 योजना संचालित करते हुये मजदूरों को रोजगार दें, महिला मजदूरों को प्राथमिकता दें।

**अच्छा प्रदर्शन करने वाले होंगे पुरस्कृत, खराब प्रदर्शन पर नपेंगे :** उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रखंड से प्रत्येक 15 दिन का रिपोर्ट लिया जाएगा, इसमे बेहतर काम करने वाले तीन कर्मियों को उप विकास आयुक्त के स्तर से सम्मानित भी किया जायेगा, तो खराब प्रदर्शन करनेवालों के ऊपर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। पदाधिकारी/कर्मी नियमित फिल्ड का दौरा करें, गांव-गांव जाएं और लोगों को सरकारी योजना का लाभ दें । उन्होंने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगे और कर्मियों की फिल्ड में उपस्थिति की जानकारी लेंगे । प्रखंड क्षेत्र में स्थित सरकार की जितनी भी परिसंपत्ति यथा तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र, पीएम आवास, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास, पीएचसी, स्कूल, हॉस्टल, सामुदायिक भवन, धुमकुड़िया भवन आदि हैं सभी का अधतन रिपोर्ट फोटो सहित 2 दिनों के भीतर समर्पित करने के निर्देश दिए। बैठक में अंचलाधिकारी ईम्तियाद अहमद, बीएएचओ डॉ अशोक कुमार, बीसीइओ अरूण कुमार सिन्हा, बीईईओ अनील कुमार सिन्हा, बीपीआरओ अख्तर हुसैन, बीसी सोनी कुमारी, बीसी कानुराम मुर्मू, बीपीओ अभिशेषक शाह, मंगल महतो, एई अरिवंद हेंब्रम, बीपीएम मंटू मुंडा आदि उपस्थित थे ।

# ढूंढे नहीं मिल रहे विशेषज्ञ चिकित्सक साक्षात्कार में आधे से भी कम पहुंचे



- पॉली क्लीनिक में रिक्त है चिकित्सकों के पद, सिविल सर्जन ने कहा- फिर से निकाली जाएगी साक्षात्कार की तिथि

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के मकसद से जगह-जगह पर पॉली क्लीनिक खोला जा रहा है लेकिन हकीकत यह है कि इसे संचालित करने के लिए विशेषज्ञ डाक्टर ही नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में मरीजों को बेहतर चिकित्सा कैसे मिलेगी, यह बड़ा सवाल है। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सकों की नियुक्ति को लेकर सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय में साक्षात्कार रखा गया था लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि मात्र दो चिकित्सक ही पहुंचे। जबकि अलग-अलग विभागों में कुल छह विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति होनी है। दरअसल, विभाग की ओर से मेडिसिन, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, चर्मरोग विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक विभाग में एक-एक पोस्ट के लिए बहाली निकाली गयी थी। लेकिन सिर्फ एक मनोचिकित्सक व एक स्त्री रोग विशेषज्ञ पहुंचे। बाकी शिशु रोग, चर्म रोग, नेत्र रोग, मेडिसिन विभाग के लिए कोई भी नहीं पहुंचा। इसे देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग ने फिर से एक बार साक्षात्कार के लिए तिथि निकाली जाएगी। ताकि रिक्त पदों को भरा जा सकें। सिविल सर्जन डा. जुझार माझी ने बताया कि एक चिकित्सक को प्रतिदिन 3500 रुपये मिलेंगे।

# 'एक्सएलआरआई महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित संस्थान'

## एक्सएलआरआई एलुमिनी एसोसिएशन के सदस्यों ने नए बैच के छात्रों का किया मार्गदर्शन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** एक्सएलआरआई जमशेदपुर में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजितकिया गया। इसमें एलुमिनी एसोसिएशन, चैप्टर पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। इसदौरान सभी ने नए बैच के छात्र-छात्राओं का मार्गर्शन किया। 1975-77 बैच के पीएसएस-आर एंड बी-लोबो ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरमैन मारियो लोबो, 1982-84 बैच के राज नारायण, ब्लूवर्ड के प्रोपराइटर रोनाल्ड डिकॉस्टा, भारत फाइनांशियल इंक्लूजन लिमिटेड के चीफ पीपल ऑफिसर श्रीनी उडुमला और सुरेश रामासुभ्रमन्यन के अलावा एक्सएलआरआई एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष




रणवीर सिन्हा, चेयरमैन टीएएस विजय राघवन और डीन संजय पात्रो मौजूद थे। मौके पर एक्सएलआरआई एलुमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष रणवीर सिन्हा ने कहा कि एक्सएलआरआई ने उद्योग जगत के लिए कई बड़े लीडर तैयार किए हैं और यह लगातार जारी है। ये संस्थान को कंट्रोल करते हैं। यही कारण है कि उन्हें एक्सएल माफिया भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान यूनिलीवर के सीएचआरओ एक्सएलआरआई का पूर्व छात्र हैं। आईसीआईसीआई बैंक के सीईओ और सीएचआरओ एक्सएलआरआई के पूर्व छात्र हैं। एक्सिस बैंक के सीएचआरओ भी एक्सएलआरआई के पूर्व छात्र हैं। आप किसी भी शीर्ष कंपनी या प्रतिष्ठान का नाम लें, वहां हमारे एक्सएल माफिया हैं। एक्सएलआरआई में अपने समय का सर्वोत्तम उपयोग करें, अपना नेटवर्क बढ़ाएं। इस दौरान उन्होंने एक्सएलआरआई से पासआउट प्रथम महिलाओं की भी चर्चा की। साथ ही कहा कि एक्सएलआरआई कैंपस महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक है।

**पहले विचार और परियोजनाएं आती हैं, पैसा आता है:** इस अवसर पर एक्सएलआरआई एलुमनी एसोसिएशन के जमशेदपुर चैप्टर के अध्यक्ष रोनाल्ड डिकॉस्टा ने नये बैच के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पैसा पहले नहीं आता, विचार और परियोजनाएं आती हैं। पैसा अच्छे विचारों का अनुसरण करता है और यह आपके पीछे भी आएगा। उन्होंने अपने गुरु विलियम एम टॉम के शब्दों को साझा किया। इस अवसर पर एक्सएलआरआई एलुमनी एसोसिएशन के मुंबई चैप्टर के अध्यक्ष मारियो लोबो ने कहा कि पिछले 42 वर्षों में भर्ती की प्रक्रिया कैसे विकसित हुई है। जितना आप लेते हैं उससे अधिक दें। उन्होंने फादर द्वारा कहे गए ज्ञान के इन शब्दों को साझा किया। इनके अलावा अन्य चैप्टर के सदस्यों व पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे।

# बस्ती विकास संघर्ष समिति ने नाले की कराई सफाई

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** बस्ती विकास संघर्ष समिति और टाटा पावर लिमिटेड के सौजन्य से मंगलवार को बारीगोड़ा- बामनगोडा को जोड़ने वाली पुल और बारीगोड़ा - सारजमदा को जोड़ने वाली पुल का नाला सफाई किया गया। सफाई का काम जेसीबी और ट्रैक्टर से करवाया गया। इसके साथ ही बारीगोडा चौक पर राहरगोडा जाने वाली सड़क को जेसीबी से आंशिक चौड़ीकरण किया गया।


नाले की सफाई के लिए जुटे बस्ती विकास समिति के लोग • फोटोन न्यूज

समिति ने बताया कि इस चौड़ीकरण से बारीगोडा रेलवे फाटक पर जाम लगने का संभावना थोड़ा कम होगी। इस फाटक से आने जाने वालों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया की बस्ती विकास संघर्ष समिति पूर्व में भी बारीगोडा में ओवर ब्रिज का मांग कर चुकी है। साथ ही बताया कि ओवर ब्रिज के लिए बस्ती विकास संघर्ष समिति निरंतर प्रयास करते रहेगी। समिति ने एक स्लोगन भी जारी किया 'आप हमारा साथ दे, हम आपको विकास देंगे इस मौके पर बस्ती विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवजी प्रसाद, मुखिया सुनीता नाग, उप मुखिया अमरेश सिंह, सुबोध शाही, समिति के महामंत्री शैलेंद्र सिन्हा, विनोद कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, अभिमन्यु गोसाई, शिव भगत , सुरेश मिश्रा, दीना प्रसाद, एवं बस्ती विकास संघर्ष समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## आदेश के एक साल बाद भी योजनाओं से वंचित हो रहे बच्चे, सरकार ने सभी जिलों के उपायुक्तों से एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

# सरकारी स्कूलों में अधिकतर बच्चों का नहीं बन सका जाति प्रमाण प्रत्र

- कार्मिक विभाग ने सभी उपायुक्तों से कितने बच्चों का प्रमाणपत्र बना है और कितने वंचित हैं इसकी जानकारी मांगी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** राज्य के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 1 से 12वीं कक्षा के ओबीसी, एससी व एसटी छात्रों का जाति प्रमाण पत्र बनाने में देरी को सरकार ने गंभीरता से लिया है। इसे लेकर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के सचिव पवीण कुमार टोप्पो ने सभी उपायुक्तों को पत्र जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी आरक्षित वर्ग के बच्चों का जाति प्रमाणपत्र बनाने का निर्देश जारी है। इसके बाद भी बड़ी संख्या में बच्चों का प्रमाण पत्र नहीं बन सका है। ऐसे में 16 जून को सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी बच्चों का जाति प्रमाणपत्र निर्गत कर उसे विरित करने का निदेश दिया गया है। ऐसे में सभी जिले जाति प्रमाणपत्र की विवरणी dopjharkhand@gmail.com पर भेजने को कहा गया है। इसमें जिले के स्कूलों में नामांकित बच्चों की संख्या जिन्हें जाति प्रमापत्र निर्गत किया जाना है। कितने का प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है और कितने को किया जाना है। की जानकारी देने को कहा गया है। मिली जानकारी के सरकार इसकी समीक्षा करेगी और जहां प्रमाणपत्र बनाने में लापरवाही की बात सामने आएगी वहां संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।



**जाति प्रमाणपत्र बनाने के लिए पिछले वर्ष जारी हुआ था आदेश:** सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने का आदेश कार्मिक विभाग ने 16 मार्च 2022 को जारी किया था।

ऐसे में आदेश जारी होने को 15 महीने से अधिक समय बीत गया है, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में बच्चों का प्रमाणपत्र निर्गत नहीं हुआ है।

इसकी वजह से छात्र सरकार की ओर से मिलने वाले सभी प्रकार की सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। यही वजह है कि सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है।

# JAYANTI SAROVAR : पानी में अमोनिया अधिक व ऑक्सीजन कम, इसलिए हुई मछलियों की मौत


फाइल फोटो

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जुबिली पार्क के जयंती सरोवर लेक में मछलियों की मौत को लेकर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट मत्स्य विभाग को मिल गयी है। पानी जहरीला था, यह बात प्रमाणित हो चुका है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अमोनिया की मात्रा काफी अधिक है। मत्स्य विभाग की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक, 0.15 से 1 एमजी पर लीटर के हिसाब से पानी में अमोनिया होनी चाहिए, लेकिन तालाब का पानी का टेस्ट किया गया तो पाया गया कि उसमें 4 से 5 एमजी प्रति लीटर पाया गया है। इसके अलावा ऑक्सीजन की मात्रा नहीं के बराबर पाया गया है।

मत्स्य विभाग का आकलन है कि पानी का जब सैंपल लिया गया, तब ऑक्सीजन लेवल क्रिटिकल था, जो दिन के दो से तीन बजे लिया गया था। यह रात होते तक और घट जाता होगा। मत्स्य विभाग ने अपनी जांच में जुबिली पार्क के जयंती सरोवर लेक के पानी और मिट्टी की भी जांच की थी। वहीं मृत मछलियों की स्थिति की भी जांच की गयी थी। पानी की जांच की रिपोर्ट आ गयी है। वहीं, मिट्टी की रिपोर्ट आना अभी बाकि है।

पानी की स्थिति की जांच रिपोर्ट आने के बाद अब मिट्टी की रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। जांच में शामिल मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक नवरंजन ने बताया कि पानी में अमोनिया की मात्रा काफी अधिक थी। वहीं, ऑक्सीजन लेवल काफी कम था, जिससे दम घुटकर मछलियों की मौत हुई है, ऐसा लग रहा है। अभी मिट्टी की रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। मिट्टी की रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पायेगा कि आखिर मछलियों की मौत के पीछे सिर्फ पानी की क्वालिटी है या तालाब की मिट्टी के कारण भी ऐसी स्थिति हुई है। वैसे सहायक निदेशक ने यह बताया कि काफी दिनों से इस तरह की स्थिति हो रही होगी। यह स्थिति होते होते ऐसी स्थिति हो गयी होगी कि मछलियों की मौत होने लगी हो।

इस कारण संभव है कि पहले से ही इसको लेकर ध्यान दिया जाना चाहिए था। पूरी रिपोर्ट आने के बाद टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआइएसएल को यह रिपोर्ट साझा की जायेगी और मछलियों की मौत को रोकने के उपाय बताये जायेंगे।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

एआइ लोगों के लिए जादुई कलम की तरह काम कर सकती है। यह विचारों को तथ्यों के साथ मिलाकर वांछित जानकारी का रूप दे सकती है। वहीं, गलत सोच के साथ यही एआइ डंक बनकर स्थापित कामकाज और प्रक्रियाओं को बाधित करते हुए गंभीर नुकसान भी पहुंचा सकती है। यह पहलू सरकार और समाज सबके लिए विचारणीय है। एआई के पितामह कहे जाने वाले गूगल के पूर्व उपाध्यक्ष जैकी हिंटन कहते हैं कि एआई सिस्टम इंसानी मस्तिष्क जितने ताकतवर ही नहीं, बल्कि कई मायनों में उससे ज्यादा शक्तिशाली हैं। ये किसी भी चीज को इंसानों के मुकाबले अत्यंत शीघ्रता से सीख लेते हैं। इसलिए ये इंसानों से आगे भी निकल सकते हैं। चैटजीपीटी के संस्थापक सैम अल्टमैन भी इससे सहमत लगते हैं। उन्होंने अमेरिकी सीनेट से एआइ कंपनियों को लाइसेंस देने के लिए एक नई एजेंसी बनाने की मांग की है। अल्टमैन का कहना है कि हमें ऐसा सिस्टम बनाना होगा जो एआइ के जोखिमों की पहचान सके अन्यथा यह भूराजनीतिक चुनौतियों को जन्म देगा। इस बात में संदेह नहीं कि एआइ लगातार हमारे जीवन को बेहतर बना रहा है। यह मैपिंग प्रणाली हो या फिर सर्च इंजन पर मिलने वाले परिणाम यहां तक कि म्यूजिक एप पर मनचाहे गानों की सूची प्राप्त करने में भी एआई का योगदान है। आने के बाद से एआई पर संसद से सड़क तक चर्चा हो रही है। विशेष रूप से इसके नकारात्मक पक्ष को लेकर। सभी शंकाएं गलत हैं और न ही सभी सही। एआई की सहायता से फर्जी वीडियो/फोटो आवाज बनाई जा रही हैं। कई ऐसे मामले भी सामने आए हैं जहां एआई की सहायता से बनाए गए कानूनी नोटिस और शोध पत्र भी पकड़े गए हैं। एआइ का दुरुपयोग फेक न्यूज फैलाने, दुर्भावनापूर्ण सामग्री बनाने या व्यक्तियों का प्रतिरूपण करने के लिए भी किया जा रहा है। यही कारण है कि जनरेटिव एआइ को रेगुलेट करने के लिए एक लीगल फ्रेमवर्क बनाने की आवश्यकता है। भारत सरकार ने जीपीएआई (ग्लोबल पार्टनरशिप आन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के सदस्य देशों के साथ इस दिशा में काम शुरू करते हुए स्पष्ट किया है कि एआइ में इनोवेशन होना चाहिए, लेकिन निजता और सुरक्षा का ध्यान जरूरी है। अगर हमें एआइ को सकारात्मक और उत्पादक बनाना है तो उसे नैतिकता से जोड़ना होगा। इसके साथ ही स्पष्ट प्रोटोकाल जिसमें यह बताया जाए कि क?या करना है और क?या नहीं। यूरोपीय संघ के सांसदों ने भी एआई नियमों के मसौदे में बदलाव पर सहमति जताई है, जिसमें बायोमेट्रिक डाटा के चैटजीपीटी द्वारा इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है। जापान ने भी व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए एआइ के उपयोग को रेगुलेट करने की बात कही है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस के प्रोफेसर स्टुअर्ट रसेल ने अपनी किताब 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ए माडर्न एप्रोच' में चिंता जताई है कि क्या लार्ज लैंग्वेज माडल (एलएलएम) सुरक्षित है? हमने जागरण डिजिटल न्यूज रूम में विभिन्न एआई टूल्स के साथ काम करते हुए कुछ निष्कर्ष पाए हैं।

## जनजातीय विकास

केंद्र सरकार ने देश के जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए उठाये जा रहे प्रयासों का ब्यौरा देते हुये इस दिशा में होनेवाले भावी प्रयासों का ब्यौरा दिया है। सरकार ने इस समुदाय में भी विशेष रूप से कमजोर समूहों के बारे में घोषणाएं की हैं। भारत में 2011 की आखिरी जनगणना के आंकड़ों के अनुसार, आबादी में जनजाति समुदाय का हिस्सा 8।6 प्रतिशत है। लेकिन, आजादी के 75 वर्षों के बाद भी विकास की सीढ़ी पर वे सबसे निचले पायदान पर हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पीने का पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को हासिल करने में जनजाति समुदाय सबसे पीछे है। अभी भी इस समुदाय तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य हासिल नहीं हो सका है। किसी चुनौती का हल तलाश करने के लिये उस परिस्थिति को गहराई से समझना जरूरी है। ऐसे में केंद्र सरकार की जनजाति समुदाय में सबसे कमजोर तबके के बारे में शोध करवाने की कोशिश प्रभावकारी हो सकती है। केंद्र सरकार विशेष रूप से कमजोर तबकों या पीवीटीजी वर्ग के लगभग 28 लाख लोगों का मानव विकास सूचकांक पता करने के लिये सर्वे करवाने पर विचार कर रही है। इसके जरिये यह जानकारी एकत्र की जायेगी कि खास तौर पर आदिवासी लोगों की जिंदगी में कैसे बदलाव आया है और सरकारी नीतियों से उनके जीवन पर कितना फर्क पड़ रहा है। इस सर्वे से देश के 22 हजार गांवों में बसे आदिवासी समूहों के बारे में एक डेटाबेस तैयार हो सकेगा। दरअसल, जनजातियों में भी विशेष रूप से कमजोर जनजातियों पर ध्यान देने की जरूरत आजादी के कुछ दशक बाद ही महसूस की गयी। इसकी वजह यह थी कि जनजातियों के विकास के लिए जो भी योजनाएं लायी जाती थीं, उनमें से बड़ा हिस्सा इन समुदायों के ज्यादा विकसित और प्रभावशाली समूह ले लिया करते थे। फिर 1973 में यूएन ढेबर आयोग ने जनजातियों में भी कम विकसित जनजातियों को अलग करने की सिफारिश की। इस समूह को बाद में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) का नाम दिया गया। आज 705 जनजातियों में 75 पीवीटीजी में, यानी विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह में आती हैं। इनकी सबसे ज्यादा संख्या ओडिशा में है। जनजाति समुदाय के विकास की चुनौती का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि इनकी 90 फीसदी आबादी या तो जंगलों या पहाड़ियों या सूखे वाले इलाकों में रहती है।

# कर्नाटक में धर्मांतरण विरोधी कानून हो रहा है रद्द

ANALYSIS



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**सामूहिक तौर पर धर्म परिवर्तन के लिए तीन से दस साल तक की कैद और एक लाख रुपये जुमार्ने का प्रावधान है। यह भी कहा गया कि कोई भी शादी जो धर्म परिवर्तन के इरादे से ही की गई है, उसे फैमिली कोर्ट द्वारा अवैध माना जाएगा और ऐसा किया जाना गैरजमानती अपराध की श्रेणी में रखा गया। वास्तव में इस कानून के प्रभाव से यहां देखने में आया कि जब से यह कानून बना, राज्य में ऐसे मामलों में अचानक से कमी आ गई थी। फिर भी इसमें जो सबसे अधिक प्रकरण पंजीबद्ध हुए, उनमें लव जिहाद के ही सबसे अधिक रहे, इसमें धर्मांतरण के मामलों में शिकार अधिकतम हिन्दू ही बने, जिसकी शिकायत होने पर पुलिस ने इस कानून में नियमानुसार अपनी कार्रवाई भी की। लेकिन अब आगे से यह कानून समाप्त हो रहा है। इसके साथ कानून के नियमन से व्याप्त होनेवाला भय भी समाप्त हो जाएगा। अब इसके समापन का नकारात्मक प्रभाव किस पर सबसे अधिक पड़ेगा?**

कर्नाटक की 224 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस ने 135 सीटों पर जीत दर्ज कर सरकार बनाई और भारतीय जनता पार्टी विधानसभा की 66 सीटें पाकर सत्ता से बाहर हो गई। देश ने देखा भी कि जब इलेक्शन के परिणाम घोषित हो रहे थे तब कांग्रेस के नेताओं के साथ आम कार्यकताओं के चेहरे पर एक अलग प्रकार की खुशी थी। कई कार्यालयों में हनुमान जी की गदा कार्यकताओं के साथ नेताओं के हाथों में लहरा रही थी और दावे यही किए जा रहे थे कि बजरंगबली का साथ भाजपा को नहीं कांग्रेस को कर्नाटक में मिला और वह सत्ता पर काबिज हो गई। लेकिन उन्हीं बजरंगबली को पूजनेवाले बहुसंख्यक समाज की रक्षा करने एवं उसके अस्तित्व को बनाए रखने के लिए जिस संविधानिक व्यवस्था से धर्मांतरण विरोधी कानून कर्नाटक में पिछली भाजपा सरकार लाई थी, आज उसी को नई कांग्रेस सिद्धारमैया सरकार रद्द करने जा रही है। सही भी है, सत्ता जिसकी, निर्णय भी उसका । किंतु क्या यह सिद्धारमैया सरकार उन मुट्ठीभर मुसलमानों के भरोसे आई है, जोकि इस कानून के बनने के पहले दिन से ही इसका विरोध कर रहे थे? क्या यह कांग्रेस सरकार का निर्णय उन बहुसंख्यक हिन्दुओं को फिर एक संघर्ष की आग में झोंक देने वाला नहीं होगा? जिसमें प्रशासन अब तक कानून होने के कारण सहयोग करता रहा और अब तक कई लव जिहाद या अन्य इसी प्रकार के मामलों में बेटियां बचाई जाती रहीं । क्या इस एक निर्णय से पुनः ऐसी घटनाओं को बढ़ने से रोका जा सकेगा? प्रश्न अनेक हो सकते हैं, लेकिन इन सभी प्रश्नों का उत्तर एक ही है कि कानून का भय समाप्त होते ही लव जिहादी पहले से ओर अधिक खुला घूमेंगे। कहना होगा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक बार फिर हिन्दुओं को उन तमाम विवादों में झोंक दिया है, जिससे वे राज्य में धर्मांतरण विरोधी कानून होने के कारण से बचते आ रहे हैं । हम सभी जानते हैं कि कर्नाटक में धर्मांतरण विरोधी कानून 2022 में लाया गया था, इसके बाद पूर्व की तुलना में ऐसे मामलों में कमी देखी गई, जिसमें कि एक धर्म से दूसरे धर्म में जबरन, किसी के प्रभाव में या बहकाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। वस्तुतः पूर्व की भाजपा सरकार ने ऐसा करना गैर कानूनी बना दिया था । यहां जो धर्मांतरण विरोधी कानून का उल्लंघन करता पाया जाता, उसे इसके अंतर्गत तीन से पांच साल की कैद और 25000 रुपये जुमार्ना देना अनिवार्य कर दिया गया था। इतना ही नहीं तो इस कानून के तहत धर्म परिवर्तन कराने वाले व्यक्ति पर पांच लाख रुपये का जुमार्ना लगाने का भी प्रावधान किया गया । सामूहिक तौर पर धर्म परिवर्तन के लिए तीन से दस साल तक की कैद और एक लाख रुपये जुमार्ने का प्रावधान है। यह भी कहा गया कि कोई भी शादी जो धर्म परिवर्तन के इरादे से ही की गई है, उसे फैमिली कोर्ट द्वारा अवैध माना जाएगा और ऐसा किया जाना गैरजमानती अपराध की श्रेणी में रखा गया। वास्तव में इस कानून के प्रभाव से यहां देखने में आया कि जब से यह कानून बना, राज्य में ऐसे मामलों में अचानक से कमी आ गई थी। फिर भी इसमें जो सबसे अधिक प्रकरण पंजीबद्ध हुए, उनमें लव जिहाद के ही सबसे अधिक रहे, इसमें धर्मांतरण के मामलों में शिकार अधिकतम हिन्दू ही बने, जिसकी शिकायत होने पर पुलिस ने इस कानून में नियमानुसार अपनी कार्रवाई भी की । लेकिन अब आगे से यह कानून समाप्त हो रहा है। इसके साथ कानून के नियमन से व्याप्त होनेवाला भय भी समाप्त हो जाएगा। अब इसके समापन का नकारात्मक प्रभाव किस पर सबसे अधिक पड़ेगा ? स्वभाविक उत्तर है, कर्नाटक के बहुसंख्यक हिन्दू समाज पर। यह कुछ घटनाएं पिछले साल की हैं, जिनका उदाहरण यहां देना समीचीन होगा। पिछले साल कर्नाटक के मांड्या जिले में 13 साल की नाबालिग लड़की से ब्लैकमेलिंग और दुष्कर्म का मामला सामने आया । पता चला वह 'लव जिहाद' की शिकार हुई थी, एक 25 वर्षीय आरोपी ने दुष्कर्म के बाद पीड़िता को इस्लाम कबूल करने और उससे शादी करने के लिए नाबालिग को प्रताड़ित किया था। एक अन्य घटना में हुबली में मोहम्मद एजाज शिरूर से शादी करने के बाद इस्लाम धर्म अपनाने वाली अपूर्वा पुराणिक को तलाक लेने के लिए 20 बार चाकू मारा । एजाज पहले से ही शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं। जांच से पता चला कि ऑटो चालक एजाज ने एमबीए स्नातक युवती को फंसाया, उसके निजी वीडियो बनाए, ब्लैकमेल किया और शादी के लिए फुसलाया था । वस्तुतः अकेले कर्नाटक राज्य में लव जिहाद से जुड़े ऐसे अनेकों प्रकरण अब तक दर्ज हो चुके हैं। पता नहीं राज्य के किस कौने में इस समय भी कोई बेटी, लव जिहाद की शिकार बनाई जा रही होगी! इस ठगी का कोई ठिकाना नहीं। सिर्फ कर्नाटक में ही नहीं देश भर में मुस्लिम युवाओं को हिंदू लड़कियों को फंसाने के लिए प्रशिक्षित किया जाने के आज अनेकों मामले प्रकाश में आ चुके हैं। इसके पीछे काम करने वाले संगठन न केवल युवाओं को प्रशिक्षण देते हैं, वे उन्हें बाइक, नकदी और फैशनेबल पोशाक भी प्रदान करते हैं। इस विशेष प्रशिक्षण का परिणाम यह है कि हिन्दू लड़कियां इनके झांसे में आ जाती है, जब तक इनके गैर हिन्दू होने का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। फिर हिन्दू परिवारों में यह सिखाना कि सभी मत, पंथ धर्म समान होते हैं, वह तो बाद में जब व्यवहार में आता है तब पता चलता है कि हकीकत क्या है? तब तक एमबीए, इंजीनियरिंग और स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही हिंदू लड़कियां मैकेनिक, राजमिस्त्री और ऑटो चालकों के झांसे में आ रही हैं। इस प्रयास को मुस्लिम समुदाय और आरोपितों के परिजनों का समर्थन मिलता हुआ भी देखा गया है। जो ऐसा करने का समर्थन करते हैं, वे इसे अपनी आबादी बढ़ाने का एक हिस्सा मानते हैं। इसके आगे यह भी एक सच है कि धर्म परिवर्तन के लिए हिंदू लड़कियों, महिलाओं को फंसाना एक बात है, किंतु उनका इस्तेमाल लाइव बॉम्बर्स के रूप में किया जाना भी सामने आ चुका है। हुबली में प्रसिद्ध बेकरी मालिक की बेटी किसी के साथ भाग जाने के बाद लापता थी, 15 साल बाद उसकी तस्वीर 1999 में कोयम्बटूर विस्फोट मामले के वांछित व्यक्तियों की सूची में दिखाई दी थी, उसे 10 वांछित व्यक्तियों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। यह साक्ष्य है कैसे हिंदू लड़कियों का उपयोग आतंकवाद के लिए किया जाता है। हिंदू लड़कियों को अगवा करने और 'लव जिहाद' में फंसाने के बाद उन्हें सीरिया भेजे जाने के प्रकरण भी आज सामने आ चुके हैं। कई प्रकरणों में नाबालिग लवजिहाद की शिकार होकर पुलिस के पास मामला दर्ज कराने पहुंची हैं और कई में पुलिस नाबालिग को खोजकर मुस्लिम बस्तियों एवं अन्य स्थानों से लेकर आई और उसे उसके माता-पिता को सौंपा है। आज भी यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। प्रकरणों का आना बंद नहीं हुआ है, हां, कर्नाटक में इतना जरूर हुआ है कि धर्मांतरण कानून के भय से ऐसे प्रकरणों में कमी जरूर आई, अब कर्नाटक में धर्मांतरण विरोधी कानून के रद्द होने के बाद फिर से ऐसे मामलों में बढ़ोत्तरी हो जाएगी । जिनकी नाबालिग लड़की भी इसका बहुतायत में शिकार होंगी, उसका परिवार पुलिस थानों के चक्कर लगाता नजर आएगा, पहले कानून का भय था, अब ऐसे लव जिहाद करनेवाले अपराधियों को किसी का भय नहीं होगा। अंत में यही कि सनातन धर्म यानी कि हिन्दू धर्म में बजरंगबली रहेंगे, उनकी पूजा भी होती रहेगी, लेकिन उनकी गदा जोकि शक्ति का प्रतीक है और एक तरह से आज के समय में कानून का स्वरूप है। वह कानून रूपी गदा अब बजरंग बली के पास नहीं रहेगी! हिन्दुओं के आराध्य बजरंगबली अब शक्ति रूपी इस गदा के बिना कर्नाटक में कैसे अधर्मी से किसी युवती की रक्षा कर पाएंगे, यही आज का यक्ष प्रश्न है ? जिसके बारे में अब उन तमाम हिन्दुओं को सोचना है, जिन्होंने छोटे-छोटे सत्ता में किए गए वादों के चलते कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन में अपनी आहुति दी है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# एका से पहले ही बिखराव के संकेत

आगामी आम चुनाव से पहले भाजपा के विरुद्ध राजनीतिक गोलबंदी की कवायदें तेज हो रही हैं। इसमें शरद पवार को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह इस दिशा में कोई खाका बनाने का प्रयास करें। भाजपा के विरुद्ध मोचाबंदी की तैयारी को लेकर हाल में पवार ने तीन महत्वपूर्ण बातें की हैं। एक, विपक्षी मोर्चे के पास प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी होना आवश्यक नहीं। दूसरे, हम भाजपा के विकल्प की तैयारी कर रहे हैं। तीसरे, 23 जून को पटना में विपक्ष की बैठक में रणनीति बनेगी, जिसमें विपक्षी खेमे की ओर से संयुक्त उम्मीदवारी को लेकर विचार होगा। वैसे, ये तीनों बातें ऐसी नहीं हैं जिन पर भाजपा विरोधी किसी नेता ने पहले बयान न दिया हो। हां, एक साथ तीनों बातें पहली बार किसी बड़े नेता ने कही हैं। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा से नाता तोड़ने के बाद से ही लगातार भाजपा के विरुद्ध विपक्ष का एक ही उम्मीदवार खड़ा करने पर जोर दिया है। पटना बैठक भी उन्हीं की पहल पर होने जा रही है। दरअसल, पहले हिमाचल प्रदेश और हाल में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा की पराजय से विपक्षी दलों को आगामी आम चुनाव को लेकर उम्मीद बंधी है। उन्हें लगता है कि वे एक साथ मिलकर चुनाव लड़ें तो मोदी के नेतृत्व में भी भाजपा को परास्त किया जा सकता है। इन नेताओं को समझना चाहिए कि राजनीति और चुनाव कल्पना का नहीं, अपितु यथार्थ का विषय है। कोई नेता या नेताओं का समूह किसी समीकरण या राजनीतिक तस्वीर की कल्पना कर ले तो आवश्यक नहीं कि वे उसे यथार्थ में भी बदल पाएं। विपक्षी एकता के इन प्रयासों के बीच एक बड़ा सवाल यही है कि इस खेमे की ओर से पीएम नरेन्द्र मोदी के मुकाबले प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा। इसे लेकर पवार ने आपातकाल के बाद हुए चुनाव का उदाहरण दिया कि तब भी विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं था, लेकिन जनता पार्टी चुनाव जीती और अंततः मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। हालांकि, 1977 का उदाहरण देने वाले भूल रहे हैं कि आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष में साथ आने, जेल में बंद रहने और यातनाएं भुगतने के कारण विपक्षी नेताओं का परस्पर संवाद और संबंध बहुत गहरा हो चुका था। दूसरे, आंदोलन में जयप्रकाश नारायण जैसे दलीय स्वार्थों से परे एक ऐसा विराट व्यक्तित्व था जिसके प्रति सबके मन में सम्मान का भाव था। वही विपक्षी एकता और जनता पार्टी के गठन के मुख्य कारक थे। दक्षिण भारत के परे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और कांग्रेसी नेताओं के विरुद्ध कई कारणों से व्यापक आक्रोश भी था। जबकि वर्तमान राजनीतिक तस्वीर बिल्कुल अलग है। आज का राजनीतिक सच यही है कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता के समानांतर विपक्ष के पास कोई एक सर्वस्वीकार्य चेहरा नहीं। यहां तक कि जिन राज्यों में भाजपा का जनाधार मजबूत नहीं और उसे वोट नहीं मिलता वहां भी लोगों का बड़ा समूह प्रधानमंत्री मोदी को ही अपनी पसंद बता देता है। दूसरे, संगठन और जनाधार के स्तर पर भी भाजपा देश की इतनी बड़ी राजनीतिक शक्ति है, जिसके मुकाबले राष्ट्रीय स्तर पर कुछ दलों के गठजोड़ का टिकना आसान नहीं। भाजपा विरोधी दलों और नेताओं को इस जमीनी यथार्थ का आभास है, तभी वे अपने मतभेदों को परे रखकर एक साथ आने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बावजूद 1977 की तरह पार्टियों का विलय कर एक पार्टी बनाने की बात तो दूर अभी तक उनमें आरंभिक सहमति बनती भी नहीं दिख रही, जिससे लगे कि मोदी और भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त विपक्ष की कड़ी चुनौती मिलने वाली है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय संस्कृति, सभ्यता, धर्म-इतिहास और राष्ट्र आदि को लेकर जिस तरह का जागरण हुआ है, विपक्ष की कोई पार्टी भाजपा की तुलना में उसकी अभिव्यक्ति नहीं कर सकती है। देश के बड़े समूह की मानसिकता यही है कि व्यक्तिगत जीवन में थोड़े कष्ट भी उठाने पड़ें तो हिंदुत्व, राष्ट्रीयता और धर्म-संस्कृति आदि के मुद्दों पर समझौता नहीं कर सकते। ऐसी घनीभूत मानसिकता वालों के समक्ष वर्तमान राजनीति में भाजपा ही एकमात्र विकल्प है। इसी कारण कर्नाटक में सत्ता विरोधी रुझान और असंतोष के बावजूद भाजपा के मतों में कोई कमी नहीं आई। राज्यों के स्तर पर कुछ पार्टियां, नेता और गठबंधन भले ही मजबूत दिखाई पड़ सकते हैं, लेकिन स्मरण रहे कि लोकसभा चुनाव के मुद्दे और मतदाताओं की प्राथमिकता सर्वथा भिन्न होती है। मोदी सरकार ने हिंदुत्व के मुद्दे पर मुखर होकर काम करने के साथ-साथ सामाजिक न्याय पर ऐसे ठोस काम किए हैं, जिनसे एक बड़ा समर्थक वर्ग तैयार हुआ है। आदिवासियों से लेकर दलितों में भाजपा की गहरी होती पैठ इसका सशक्त उदाहरण है। इसकी तुलना में विपक्ष कहां खड़ा है? राज्यों में किसी क्षेत्रीय दल का राजनीतिक रास्ता कांग्रेस काट रही है तो कहीं कांग्रेस का क्षेत्रीय दल। किसी सहमति बनने से पूर्व ही तृणमूल ने एलान कर दिया है कि यदि कांग्रेस चुनाव में वामपंथी दलों के साथ गठजोड़ करती है तो वह उसका समर्थन भूल जाए। आम मतदाताओं को भी इसका आभास है कि विपक्षी नेताओं के भीतर एक दूसरे के प्रति विश्वास और सम्मान का अभाव है। इसी कारण वे किसी को प्रधानमंत्री पद के रूप में अपना नेता मानने को तैयार नहीं हैं। जनता ने गठबंधन वाली अस्थिर सरकारों का दौर भी देखा है और उसके दुष्परिणाम भी भुगते हैं। ऐसे में राजनीतिक स्थिरता भी एक महत्वपूर्ण कारक है। ऐसे में क्या विपक्षी दलों का कोई नेता जनता को यह विश्वास दिलाने में सक्षम होगा कि वे राष्ट्रीय स्तर पर स्थिर एवं टिकाऊ सरकार देने में सक्षम होंगे?

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



मेरे जन्मदिन का आरम्भ मैंने सभी के कल्याण हेतु भगवान जगन्नाथ की प्रार्थना के साथ किया। बाद में, मैंने राष्ट्रपति भवन में कल्याण केंद्र और नई दिल्ली में ही अमर ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट में बच्चों के साथ समय बिताया। देवतुल्य भोले बच्चों से मिलकर और उनसे बातचीत करके मुझे बहुत खुशी और संतुष्टि का अनुभव हुआ।आ।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



भाजपा महाजनसंपर्क अभियान के माध्यम से अपने 09 वर्षों के अभूतपूर्व कार्यकाल की उपलब्धियां देशवासियों को बता रही है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी राष्ट्र को सशक्त-समृद्ध बनाने हेतु परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे हैं। लेकिन, विरोधी मोदी हराओ की रणनीति तैयार करने में समय बर्बाद कर रहे हैं। क्षुब्ध और जनता से बुरी तरह खारिज हो चुके लोगों का यह पोलिटिकल गिरोह वास्तव में भ्रष्ट और राष्ट्रविरोधी तत्वों को खाद पानी देने का काम कर रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ सवा सौ करोड़ देशवासियों का आशीर्वाद है। भारत मां के सच्चे सेवक को रोकने की हैसियत मक्कारों में नहीं है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# भारत को सही तरह समझे अमेरिका

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा को लेकर न केवल अमेरिकी राजनीतिज्ञ, बल्कि अमेरिका में रह रहे भारतीय भी उत्साहित हैं। दुनिया की नजरें भी इस यात्रा पर हैं। माना जा रहा है कि यह यात्रा भारत और प्रधानमंत्री मोदी के लिए भी मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री मोदी विश्व के चुनिंदा नेताओं में होंगे, जो अमेरिकी संसद को दो बार संबोधित करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मोदी की इस यात्रा को लेकर तब अपना उत्साह प्रदर्शित कर दिया था, जब उन्होंने जापान में कहा था कि आप बहुत लोकप्रिय हैं और मुझे आपका आटोग्राफ लेना चाहिए। बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी से यह भी कहा था कि उन्हें एक अजीबोगरीब चुनौती से जूझना पड़ रहा है कि आपके आगमन पर जो स्वागत भोज रखा है, उसमें शामिल होने के लिए पूरा देश उमड़ रहा है और हमारे पास अब आमंत्रण पत्र नहीं बचे हैं। अमेरिका में भारत की महत्ता इसीलिए बढ़ती जा रही है, क्योंकि वहां रह रहे भारतीयों का अमेरिकी राजनीति, आर्थिकी, व्यापार-उद्योग एवं सामाजिक संरचना में दखल बढ़ गया है। जनसंख्या के लिहाज से अमेरिका में 40 लाख के करीब ही भारतीय हैं, पर अमेरिकी समाज में उनकी धमक कहीं ज्यादा है। बाइडन प्रशासन में भारतीय मूल के लोगों की भरमार है। इस कारण भी प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा को लेकर इतना उत्साह है। भारत-अमेरिका संबंध बीते एक दशक में तेजी से आगे बढ़े हैं और उनमें गुणात्मक परिवर्तन आया है। इसका एक प्रमुख कारण अमेरिका और चीन के लगातार खट्टे होते संबंध हैं। अमेरिका की तरह भारत भी चीन के आक्रामक रवैये से परेशान है। वह भी उसे लेकर उतना ही सचेत है, जितना अमेरिका। भारत चीन की आक्रामकता का सामना करने के लिए न केवल सीमाओं पर अपने आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि सीमा पर कहीं अधिक सैन्य बल भी तैनात कर रहा है। दुर्गम सीमा की रक्षा के लिए उच्च तकनीक के साथ जो हथियार चाहिए, उन्हें अमेरिका देने के लिए इच्छुक दिख रहा है। यह एक विडंबना ही है कि अमेरिका के साथ भारत के संबंध रक्षा सौदों पर आकर टिक जाते हैं। भारतीय प्रधानमंत्रियों की अमेरिका यात्रा के पहले बड़े रक्षा सौदों की घोषणा होती रही है। इस बार भी ऐसा ही होता दिख रहा है। इस बार आधुनिक ड्रोन रीपर को लेकर सौदा हो सकता है। अमेरिका का भारत के प्रति झुकाव इसीलिए बढ़ रहा है, क्योंकि वाशिंगटन और बीजिंग के आर्थिक रिश्तों में लगातार गिरावट आ रही है। चीन अपनी मुद्रा का मूल्य जानबूझकर कम रख रहा है। इसके कारण व्यापार संतुलन उसके पक्ष में है। यही स्थिति भारत के मामले में भी है। चीन का जैसे-जैसे आर्थिक आधिपत्य बढ़ रहा, वैसे-वैसे वह अपना विस्तारवादी एजेंडा भी आगे बढ़ा रहा है। वह पड़ोसी ताइवान को हड़पने की कोशिश कर रहा है। दक्षिण चीन सागर में अपने विस्तारवादी एजेंडे पर चल रहा है। उसके इस एजेंडे से भारत समेत अन्य पड़ोसी देश परेशान हैं। अमेरिका चीन को काबू में करने के लिए भारत का सहारा अवश्य ले रहा है, लेकिन भारत ने यह स्पष्ट कर कर दिया है कि अमेरिका से उसके रिश्ते उसकी अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर आधारित होंगे। आने वाले समय में चीन की विकास दर धीरे-धीरे कम होगी और भारत की बढ़ेगी और वह अमेरिका के लिए एक बेहतर बाजार के रूप में सामने आएगा। दोनों देशों के रिश्तों में गहराई तब आएगी जब अमेरिका खुलकर भारत के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए पैरवी करेगा। विश्व शांति और संतुलन के लिए यह अति आवश्यक है कि भारत की बढ़ती हुई आर्थिक एवं कूटनीतिक शक्ति को सम्मान मिले। वैसे तो कई छोटे-बड़े देश भारत को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाने के पक्ष में हैं, पर चीन आनाकानी कर रहा है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



– किसी भी शहर के विकास का पैमाना वहां की बिजली, पानी, सड़क व यातायात व्यवस्था से जोड़कर देखा जाता है। इनमें यातायात व्यवस्था की बात अलग ही होती है। कई बड़े शहरों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बड़ी संख्या में फ्लाईओवरों का निर्माण किया गया है। उद्देश्य यह कि लोगों को जाम में फंसकर समय नहीं गंवाना पड़े। वे अपने गंतव्य तक निर्बाध जा सकें। राज्य की राजधानी में भी एक साथ कई फ्लाईओवर व एलीवेटेड कारिडोर का निर्माण किया जा रहा है। इनमें सबसे बहुप्रतीक्षित है कांटाटोली का फ्लाईओवर। योजना बनने से लेकर अबतक इसके निर्माण की लागत कई गुनी बढ़ चुकी है। इसके बावजूद निर्माण की गति काफी धीमी है। जबकि कांटाटोली फ्लाईओवर के बाद शुरू हुए रातू रोड और सिरमटोली-डोरंडा फ्लाईओवर,रातू रोड फ्लाईओवर के निर्माण की गति तेज है। रातू रोड और सिरमटोली-डोरंडा फ्लाईओवर का काम 60 प्रतिशत हो चुका है। जबकि कांटाटोली फ्लाईओवर का काम रातू रोड और सिरमटोली-डोरंडा से कई वर्षो पहले हुआ था। अबतक 45 प्रतिशत ही काम पूरा हो सका है। कांटाटोली में अबतक सर्विस लेन नही तैयार किया गया है। इससे सड़क पर पानी गिरने पर फिसलन की समस्या बनी हुई है। कई पिलर भी अबतक अधूरे हैं। रातू रोड फ्लाईओवर को तैयार करने के लिए जनवरी 2025 का लक्ष्य रखा गया है। पर जिस तेजी से फ्लाईओवर का काम चल रहा है, 2024 के अंत तक फ्लाईओवर बनकर तैयार हो जाने की संभावना है। ये देखे जाने की जरूरत है कि आखिर कांटाटोली फ्लाइओवर के निर्माण में बार-बार कहां कांटा फंस रहा है।

**हरिनाथ साहू, नेता लोकहित अधिकार पार्टी सह केंद्रीय महासचिव, झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# भगवान JAGANNATH के रथ को खींचने उमड़े सैकड़ों भक्त, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

## पूरे कोल्हान में प्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा की रही धूम, मौसीबाड़ी पहुंचे महाप्रभुम, लाखों भक्त हुए शामिल

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** चाईबासा समेत आसपास क्षेत्रों में रथयात्रा का शुभारंभ हो गया। मंगलवार को रथ यात्रा काफी धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान भगवान के दर्शन को आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। मंगलवार अपराहन करीब तीन बजे जैसे ही श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर से पूजा अर्चना के पश्चात भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के विग्रहों को निकाल कर पूजा के पश्चात रथ में सवार किया गया तो पूरा क्षेत्र जय जगन्नाथ।। के उदघोष से गूंज उठा। इसके बाद शुरू हुआ प्रभु जगन्नाथ का रथ यात्रा जिसका हर कोई साक्षी बनना चाहता है।



चाईबासा में निकली रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालु ● फोटोन न्यूज

प्रभु जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए भक्तों की उत्साह देखने लायक थी। भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा रथ पर सवार हुए व नगर भ्रमण करते हुए देर शाम मौसी बाड़ी पहुंचे।

मौसीबाड़ी में पहले से मौजूद श्रद्धालु व भक्तों ने भगवान के दर्शन तो जयकारे लगा व सुख-समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व जगन्नाथ मंदिर में प्रभु के रथयात्रा की तैयारी को लेकर विशेष पूजा अर्चना की गई। प्रभु के दर्शन एवं पूजन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में जुटी रही। पूजा एवं दर्शनों का सिलसिला शाम तक चलता रहा। इस बीच समूचा मंदिर परिसर शंख, घंटा की ध्वनि व प्रभु के जयकारे से गुंजायमान होता रहा।

**मेला में खूब बिका खिलौना :** रथयात्रा के दौरान मेला का आयोजन हुआ था। जिसमें बच्चों को लुभाने को विभिन्न प्रकार के खिलौना की दुकानें लगाए गए थे। वहीं बच्चों को आकर्षित कर रहा था। अभिभावकों के साथ रथयात्रा देखने पहुंचे बच्चे खूब खिलौना खरीदे। वहीं मेले में मिठाई दुकान के अलावे विभिन्न चटपटे के दुकानें भी लगी थी। वहीं रंगबिरंगे गुब्बारे तथा बांसुरी भी बच्चों को खूब भा रहा था।

# वास्तु विहार में चल रही थी अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री, उत्पाद विभाग की छापेमारी में हुआ भंडाफोड़



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** पूर्वी सिंहभूम के सहायक आयुक्त उत्पाद पूर्वी सिंहभूम के निदेशानुसार एमजीएम थाना अंतर्गत बालीगुमा स्थित वस्तु विहार कॉलोनी के एक डुप्लेक्स में चल रहे अवैध विदेशी शराब मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। घटनास्थल से सप्लाई हेतु तैयार अवैध विदेशी शराब सहित अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न सामग्रियां बरामद कर जब्त की गयीं। फरार अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध एमजीएम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी जा रही है।

**जब्त प्रदर्श में :** मैकडोवेल नंबर-1 व्हीस्की (180 एमएल) 7 पेटी, मैकडोवेल नंबर-1 व्हीस्की (375 एमएल) 2 पेटी, स्टेरलिंग बी-7 व्हीस्की (375 एमएल)- 2 पेटी, रॉयल स्टेग व्हीस्की (375 एमएल) 1 पेटी, विभिन्न ब्रांड के ढक्कन- 200 पीस, विभिन्न ब्रांड के स्टीकर- 118 पीस, उत्पाद आसंजक लेबल- 300 पीस, केरामेल- 2.0 लीटर, विभिन्न ब्रांड के कार्टन, विभिन्न ब्रांड के खाली बोतल- 45 पीस बरामद किए गए।

# विद्यार्थियों के नामांकन की व्यवस्था हो वरना झेलना पड़ेगा छात्रों का आक्रोश : बांकिरा

## युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कहा-कॉलेज में इंटरमीडिएट बंद होने से नामांकन के लिए भटक रहे छात्र

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने मंगलवार को डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई को यथावत रखने के लिए जिला उपायुक्त महोदय को झारखंड राज्य के महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने उपायुक्त से मिलकर कहा कि पिछले वर्ष भी विभाग की अनदेखी के कारण जेएलएन कॉलेज चक्रधरपुर में लगभग 1000 से ज्यादा विद्यार्थियों को इंटर में नामांकन से वंचित होना पड़ा था। इस वर्ष भी पश्चिमी सिंहभूम जिला में डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद होने से हजारों विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इंटर में नामांकन बंद होने से विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर काफी भय और आक्रोश में हैं इसलिए राज्य सरकार को इस दिशा में अविलंब कोई ठोस निर्णय लेना चाहिए और मैट्रिक पास शत प्रतिशत विद्यार्थियों के नामांकन की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। श्री बांकिरा ने कहा कि अगर सरकार द्वारा तय समय में विद्यार्थियों के नामांकन के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती है तो माननीय मुख्यमंत्री जी को छात्रों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने उपायुक्त से आग्रह करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रखंड में विद्यार्थियों के नामांकन संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए ताकि सरकार को नामांकन से वंचित विद्यार्थियों का डाटा उपलब्ध कराया जा सके।





उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते प्रीतम बांकिरा ● फोटोन न्यूज

# तांतनगर में 2.50 लाख लूट के आरोपी के घर पर साटा इश्तेहार

**Chaibasa:** तांतनगर ओपी अतंर्गत इलिगाड़ा के शिवशंकर जोकों उर्फ पाड़िया (26) के घर पर तांतनगर पुलिस के सहयोग से बड़ाजामदा ओपी पुलिस ने ग्रामीणों के सामने इश्तेहार चिपकाया है। आरोपी को एक माह के भीतर थाना या कोर्ट में आत्मसमर्पण करने, नहीं तो न्यायालय से आदेश लेकर पुलिस उसके घर की चल-अचल संपत्ति की कुर्की-जब्ती करने की चेतावनी दी है। आरोपी लूटकांड की एक घटना अभियुक्त है।

घटना के बाद से वह लगातार फरार चल रहा है। पुलिस उसकी तलाश में कई ठिकानों पर छापामारी कर चुकी है। मामले में आरोपी के खिलाफ बड़ाजामदा बाजार स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में पिस्तौल का भय दिखाकर दो लाख 50 हजार रुपये लूटने का आरोप है।

# कोल्हान फिल्म्स एंड म्यूजिक एसोसिएशन का गठन, दिलीप तुबिड बने कार्यकारी अध्यक्ष

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** चाईबासा स्थित हैंगआउट में हो फिल्म इंडस्ट्री के निमार्ताओं ने कोल्हान फिल्म्स एंड म्यूजिक एसोसिएशन का गठन किया है। इस संगठन का कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप तुबिड, सचिव अभिषेक पाट पिंगुवा, उपाध्यक्ष चोटबिहारी हेंब्रम, उपसचिव विकास उग्रसांडी को बनाया गया है। यह कमिटी नए-नए कलाकारों को अनुभव और कौशल के आधार पर मंच प्रदान करेगी। जितने भी यूट्यूब चैनल किसी कारण बस बंद पड़े हैं। उनके निमार्ताओं को फिर से सुचारू रूप से चलाने के लिए सहयोग प्रदान करेगी। सभी कलाकारों को उचित सम्मान मिले इसके लिए एक गाइडलाइन के माध्यम से जागरूक करने का काम करेगी।




बैठक करते कोल्हान फिल्म्स एंड म्यूजिक एसोसिएशन के सदस्य ● फोटोन न्यूज

**हो भाषा के फिल्मों को प्रोत्साहित करना जरूरी :** हो फिल्म निमार्ता संजय सरिल देवगम ने कहा कि हो भाषा पर बनी फिल्में भी समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। खासकर हमें अपने बच्चों को हो भाषा की फिल्में और एल्बम गाने दिखानी चाहिए। इससे वह अपनी संस्कृति और हो भाषा के प्रति जागरूक हो सकें।

दिलीप तुबिड ने कहा हमारी क्षेत्रीय भाषाएं बची रहेंगी तो तभी हमारी संस्कृति भी बचेगी। वर्तमान में हो भाषा पर बनी फिल्मों के प्रति लोगों का लगाव कम होते जा रहा है। ऐसी फिल्मों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। यह फिल्में हमारी संस्कृति की पहचान है। मौके पर सत्यजीत सुंडी, अजय किशोर मलुवा, बबलू बानरा, शिवा बिरुवा, जेम्स बेल्जियम देवगम, विकास उग्रसांडी, संतोष मुंडा, राजू कुम्हार, सन्नी पूर्ति, कुंटा स्टार आदि उपस्थित थे।

# कोल्हान में बदला मौसम का मिजाज, जमशेदपुर में बारिश का इंतजार

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** झारखंड में मानसून दस्तक देते ही कोल्हान क्षेत्र का मौसम बदल गया है। मंगलवार की सुबह सकायकेला-खरसावां व पश्चिमी सिंहभूम जिले में वर्षा हुई तो वहीं, पूर्वी सिंहभूम जिले में दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। वहीं, तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, 21 व 22 को जोरदार बारिश होने की संभावना है। इसे लेकर पूरे कोल्हान क्षेत्र में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी सिंहभूम जिले में अगले छह दिनों तक रोजाना गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को चेताया है कि अगर बारिश के साथ गर्जन हो तो घर से नहीं निकले। अन्यथा वे वज्रपात की चपेट में आ सकते हैं। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क करते हुए कहा है कि इस मौसम में सावधान रहें। सुरक्षित स्थान में शरण लें। पेड़ के नीचे ना रहें। बिजली के खंभों से दूर रहें। किसान अपने खेतों में ना जाए एवम मौसम सामान्य होने की प्रतीक्षा करें।



**अगले छह दिनों का संभावित तापमान (डिग्री सेल्सियस)**

| तिथि | न्यूनतम तापमान | अधिकतम तापमान |
|---|---|---|
| 21 जून | 26.0 | 8.0 |
| 22 जून | 26.0 | 36.0 |
| 23 जून | 26.0 | 35.0 |
| 24 जून | 27.0 | 33.0 |
| 25 जून | 25.0 | 31.0 |
| 26 जून | 25.0 | 30.0 |

**तापमान में आएगी भारी कमी**

शहर का तापमान लगातार घट रहा है। ऐसे में अगले छह दिनों के अंदर आठ से दस डिग्री की कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस है जो 26 जून तक घटकर 30 डिग्री सेल्सियस हो जाएगा।

वहीं, इस दौरान गर्जन के साथ रोजाना बारिश होने की संभावना है।

# जल्द बदलेगा यूनियन का नाम: राकेश्वर

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड कंपनी की मान्यता प्राप्त यूनियन की बारा प्लांट के कैंटीन में अपनी वार्षिक आमसभा की। बैठक यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने कहा की कंपनी के नाम परिवर्तित होने के पश्चात यूनियन को भी अपने नाम में परिवर्तन करना है, जिसको लेकर कागजी प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है, इसलिए यूनियन के संविधान में आंशिक संशोधन की भी आवश्यक है। आमसभा में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने संशोधन की स्वीकृति प्रदान की। राकेश्वर पांडे ने कहा की यूनियन मजदूरों के हितों को लेकर दृढ़ संकल्पित है। आने वाले अक्टूबर माह में ग्रेड रिवीजन भी देय है और यूनियन ने चार्टर ऑफ डिमांड भी प्रबंधन को पूर्व में ही सौंप दिया है। हम सभी लोग चाहते हैं की समय से ग्रेड रिवीजन संपन्न हो। कंपनी परिसर में सुरक्षित वातावरण में कार्य करें और सड़क सुरक्षा का भी ख्याल रखे। यूनियन महामंत्री अमन सिंह ने यूनियन का वार्षिक प्रतिवेदन सभी के समक्ष रखने का कार्य किया और कोषाध्यक्ष रमेश चौधरी ने आय व्यय का विवरण रखा।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज पूरे कोल्हान में जगह-जगह पर लोग करेंगे योग का अभ्यास, सुबह 6 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम, तैयारी की गयी पूरी

# योग दिवस को लेकर शहर तैयार, JRD में एक साथ तीन हजार लोग करेंगे योग

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शहर तैयार हो चुका है। स्कूल, कालेज से लेकर छोटे-बड़े अस्पताल, पंचायत सहित 100 से अधिक जगहों पर योग कार्यक्रम रखा गया है। इसमें शहर की विभिन्न संस्थाओं की भी अहम भूमिका होगी। बिष्टुपुर, साकची, जुबिली पार्क व मानगो के गांधी घाट सहित लगभग हर सोसाइटी-कालोनी में योग दिवस मनाया जाएगा, जहां नियमित योग कक्षा चलती है। वहीं, इस बार जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बड़े पैमाने पर व्यवस्था की गई है। यहां पर एक साथ तीन हजार लोग योग करेंगे। इसे लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। इसमें टाटा समूह सहित अन्य कंपनियों के भी अधिकारी, पदाधिकारी व कर्मचारी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम सुबह छह बजे से आयोजित होगा, जिसका सीधा प्रसारण सोशल मीडिया पर किया जाएगा। इधर, जिला प्रशासन की भी ओर से योग दिवस को सफल बनाने को लेकर विशेष रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर लोगों से अपील की जा रही है कि मंगलवार को जिले के सभी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में सुबह छह बजे से लेकर 7.45 बजे तक योग कार्यक्रम रखा गया है। ऐसे में हर कोई इस कार्यक्रम में शामिल हो। ताकि इसके माध्यम से फिट इंडिया का नारा बुलंद हो सकें। वहीं, इस मौके पर लोगों को 'हर घर योग, हर दिन योग' का भी संकल्प दिलाया जाएगा। ताकि योग करने के बाद लोग निरोग रह सकें। सिविल सर्जन डा. जुझार माझी ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी लोग जुटे हुए हैं। मंगलवार को सभी स्वास्थ्य कर्मी के साथ-साथ आस पास के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में योग करेंगे। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर भी योग शिविर लगाया जाएगा। वहीं, सिविल सर्जन खुद परसुडीह स्थित सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर योग करेंगे।





वहीं, जिला आयुष पदाधिकारी डा. आलोक कुमार ने बताया कि जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर भी योग शिविर आयोजित की जाएगी। इसे लेकर वहां के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ विशेष दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

वहीं, जिला आयुष विभाग में भी योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। सभी जगहों पर लगभग कार्यक्रम सुबह छह से आठ बजे तक रखा गया है।

**हर बीमारी का इलाज योग :** योग शिक्षक अरविंद प्रसाद ने बताया कि योग हर बीमारी का इलाज है। योग करने से कई फायदे होते हैं। इसमें मांसपेशियों के लचीलेपन में सुधार, अस्थमा का इलाज, मधुमेह का इलाज, दिल संबंधी समस्याओं का इलाज, त्वचा को चमकने में मदद, एकाग्रता में सुधार, तनाव कम करने में मदद, वजन घटाना, आंतरिक अंग मजबूत करता, बेहतर पाचन तंत्र प्रदान करता सहित अन्य फायदें हैं।

## पतंजलि परिवार शहर के विभिन्न संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों को सिखाएगा योग

पतंजलि योग परिवार की ओर से विश्व योग दिवस के अवसर पर पूरे शहर भर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि विश्व योग दिवस के दिन पतंजलि योग परिवार के योग शिक्षक शहर के विभिन्न संस्थानों, पार्क ,मंदिरों एवं विद्यालयों में लोगों को योग सिखायेंगे। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पतंजलि से प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा लोगों को योग सिखाया जायेगा ।संगठन के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिले में पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी अजय कुमार झा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बमार्माइंस में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगी। जबकि पतंजलि द्वारा प्रशिक्षित योग शिक्षकों के देखरेख में शहर के विभिन्न स्कूल-कॉलेज, संस्थानों, पार्क और मंदिरों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी क्रम में टाटा मोटर्स का मुख्य कार्यक्रम टेल्को रीक्रिएशन क्लब में, टाटा मोटर्स हेल्थ सेंटर, इंडियन स्टील एवं वायर प्रोडक्ट्स, आशियाना ब्रह्मानंद, कामधेनु इनक्लेव टेल्को, विजया गार्डन,घरौंदा इनक्लेव मानगो, जेपी विद्यालय मानगो, भारती शिक्षा संस्थान,सभी प्रखंडों में आयुष विभाग द्वारा स्थापित वैलनेस सेंटर, विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय, नीलडीह पार्क, जुबली पार्क,गुड़िया मैदान बिरसानगर, एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान, गांधी घाट पार्क मानगो, रॉकेट पार्क टेल्को, पर्यावरण पृथ्वी पार्क मानगो समेत शहर के मंदिर जैसे बिष्टुपुर स्थित परमहंस लक्ष्मी नाथ गोस्वामी मंदिर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा ।उन्होंने बताया कि इसके अलावा जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों में योग दिवस की तैयारियां पूरी कर ली गई है।





## महिला कॉलेज में योग दिवस पर आयोजित होंगे कई कार्यक्रम


**Chaibasa :** महिला कॉलेज एनएसएस बीएड यूनिट की ओर से अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग दिवस से पूर्व सप्ताह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर योग के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। जिसके अन्तर्गत 18 जून को वेबिनार रखा गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉ दारा सिंह गुप्ता रहे। वॉलंटियर रेशमा मुर्मू के द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन कर योग का परिचय, योग के विभिन्न प्रकार व रूप, योग मैट से परे लाभ, योग के लाभों का वैज्ञानिक शोध,अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुंबकम विषय पर प्रकाश डाला। मौके पर डॉ प्रशांत कुमार खरे और सितेंद्र रंजन सिंह ने अपने पाने विचार प्रस्तुत किए। इसके साथ ही ऑनलाइन क्विज, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग क्रियाकलाप भी रखी गई। विश्वविद्यालय में गर्मी छुट्टी होने के कारण वालंटियर्स ने अपने अपने घरों में योगाभ्यास किया और 21 जून को महाविद्यालय में 7 बजे से योग किया जाएगा। इसकी जानकारी एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अर्पित सुमन टोप्पो ने दी।



# अभी तय नहीं हुआ संजय दत्त-प्रभास की फिल्म का नाम



प्रभास इन दिनों अपनी फिल्म आदिपुरुष को लेकर चर्चाओं में हैं। बॉक्स् ऑफिस पर दो दिन में 200 करोड़ का कारोबार करने वाली यह फिल्म अपने संवादों और वीएफएक्स को लेकर विवादों में आ गई है। इन सभी बातों से परे प्रभास इन दिनों अपनी अगली फिल्मों के चलते भी अपना ध्यान खींचने में सफल हो रहे हैं। प्राप्त समाचारों के अनुसार निर्देशक मारुति अपनी अगली फिल्म में प्रभास के साथ संजय दत्त को साइन किया है। जब से इस फिल्म की घोषणा हुई है तभी से प्रशंसक इस फिल्म के शीर्षक की आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। पहले इस फिल्म का शीर्षक रॉयल बताया जा रहा था लेकिन कहा जा रहा है कि यह सही नहीं है, क्योंकि निर्माताओं ने अभी तक शीर्षक पर कोई फैसला नहीं किया है। इसके साथ ही इसके बजट को लेकर भी काफी अफवाहें उड़ रही हैं। कहा जा रहा है कि यह प्रभास की सबसे लो बजट की फिल्म होगी, जिसे 50 करोड़ की लागत में पूरा किया जाएगा। यह एक बड़े बजट की फिल्म है जिसे लगभग 250 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। गौरतलब है कि संजय दत्त का पहला दक्षिण सहयोग पिछले साल फिल्म निर्देशक प्रशांत नील के केजीएफ चैप्टर 2 के साथ हुआ, जहां उन्होंने अधीरा का नकारात्मक किरदार निभाया। केजीएफ फ़्रैंचाइज़ी की दूसरी फिल्म जिसमें यश ने मुख्य भूमिका निभाई थी, पूरे भारत में एक बड़ी हिट बन गई। अगली बार संजय दत्त शाहरुख खान स्टारर जवान में नजर आएंगे। एटली कुमार द्वारा निर्देशित और 7 सितंबर को रिलीज होने वाली इस पैन इंडिया फिल्म में संजय दत्त कैमियो करेंगे।




# बदले जाएंगे आदिपुरुष के टपोरी डायलॉग्स

आदिपुरुष को दुनिया भर में शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है और फिल्म हर उम्र के दर्शकों का दिल जीत रही है। इस फिल्म को एक यादगार सिनेमाई अनुभव बनाते हुए टीम ने जनता और दर्शकों के इनपुट को महत्व देते हुए फिल्म के संवादों में बदलाव करने का फैसला किया। बता दें कि आदिपुरुष में कुछ किरदारों के डायलॉग्स पर लोग आपत्ति जाहिर कर रहे हैं। ऐसे में दर्शकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए फिल्म के मेकर्स ने संवादों को बदलने का आश्वासन दिया है। निर्माता उक्त संवादों पर फिर से विचार कर रहे हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह फिल्म के मूल सार के साथ प्रतिध्वनित हो और जो अगले कुछ दिनों में सिनेमाघरों में दिखाया जायेगा। यह निर्णय इस बात का प्रमाण है कि बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कलेक्शन के बावजूद, टीम प्रतिबद्ध है और कुछ भी उनके दर्शकों की भावनाओं और बड़े पैमाने पर सद्भाव से परे नहीं है।

# बिग बॉस ओटीटी 2 में शामिल हुईं पूजा भट्ट



बिग बॉस ओटीटी 2 में एंट्री करने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस की पहचान सामने आ गई है।इससे पहले इस रियलिटी शो में 5 अभिनेत्रियों के शामिल होने की बात कही गई थी।हालाँकि, अब यह पुष्टि हो गई है कि पूजा भट्ट बी-टाउन की अभिनेत्री हैं जो बिग बॉस ओटीटी 2 में भाग लेंगी। जब शो शुरू हुआ, तो पूजा को जनता की आवाज़ के रूप में पेश किया गया।अब, वह एक प्रतियोगी के रूप में शो में शामिल हो गई हैं। पूजा भट्ट एक बॉलीवुड अभिनेत्री और फिल्म निर्माता महेश भट्ट की बेटी हैं। उन्होंने 2021 में नेटफिलक्स सीरीज़ बॉम्बे बेगम्स के साथ अपना डिजिटल डेब्यू किया। आखिरी बार चुप- रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट में नजर आईं पूजा अब बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आएंगी। यहां आप सलमान खान के शो से क्या उम्मीद कर सकते हैं बिग बॉस ओटीटी 2 के बारे में इस बीच, बिग बॉस ओटीटी 2 में मनोरंजन जगत की कई हस्तियों ने भाग लिया है। अविनाश सचदेव, पलक पुरसवानी, जिया शंकर, आलिया सिद्दीकी, आकांक्षा पुरी, मनीषा रानी, बेबिका धुर्वे, जद हदीद, अभिषेक मल्हान, पुनीत सुपरस्टार, साइरस ब्रोचा और रियलिटी शो में अधिक हस्तियां प्रतियोगी के रूप में दिखाई देंगी। यह शो अब जियो सिनेमा पर स्ट्रीमिंग कर रहा है।



# रिलीज हुआ द आर्चीज का टीजर दिखा 60 का दशक लुक ने जीता दर्शकों का दिल

जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। इसके पीछे की वजह ये है कि इस फिल्म के साथ कई स्टारकिड्स एक्टिंग की दुनिया में डेब्यू करने वाले है। इस फिल्म में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाने वाली हैं। अभी तक इस फिल्म से जुड़े कई अपडेट्स सामने आ चुके है। इसी बीच अब फिल्म द आर्चीज का टीजर सामने आ गया है। द आर्चीज का टीजर आते ही सोशल मीडिया पर छा गया। सुहानाखान और खुशी कपूर की लीड रोल वाली फिल्म दआर्चीज एक बार फिर चर्चा में आ गई है। फिल्म द आर्चीज का टीजर रिलीज हो गया है। इस टीजर में 60 के दशक को दिखाया गया है। इस टीजर वीडियो में प्यार से लेकर ब्रेकअप तक को कवर किया गया है। फिल्म का ये टीजर आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। सुहाना खान से लेकर खुशी कपूर तक के लुक को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि फिल्म का टीजर को ब्राजील में नेटफ्लिक्स के टुडुम कार्यक्रम के दौरान रिलीज किया गया। द आर्चीज के टीजर से यह साफ है कि निर्देशक जोया अख्तर और उनकी टीम ने फेमस कॉमिक सीरिज को बनाने में बहुत मेहनत की है और कहानी को बहुत अच्छे से प्रजेंट किया है। स्टार किड्स सुहाना खान, अगस्त्य नंदा, और खुशी कपूर इस फिल्म के स्टार कास्ट है और वेदांग रैना, डॉट, मिहिर आहूजा, और युवराज मेंडा भी इस फिल्म का हिस्सा है। वीडियो की शुरुआत रिवरडेल स्टेशन पर एक ट्रेन के रुकने से होती है। रिवरडेल भारत का एक हिल स्टेशन है। शहर में रेट्रो कारें दिखती हैं। साथ ही एंग्लो इंडियन वाइब्स देखने को मिलता है। इस फिल्म में सुहाना खान के किरदार का नाम वेरोनिका और खुशी के किरदार का नाम बेट्टी है। फिल्म की कहानी प्यार, दोस्ती और दुख का कॉम्बो है। नेटफ्लिक्स ने इस वीडयो को इंस्टाग्राम के ऑफिशियल अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो को कैप्शन दिया, आपने उन्हें कॉमिक्स में किताबों में और रिवरडेल में देखा है, लेकिन इस बार आप उन्हें भारत में देखेंगे।60 के दशक को दिखाती द आर्चीज एक ऐसी दुनिया का दिखाएगी जो एक दम नई होगी। जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज में सुहाना खान और खुशी कपूर के अलावा अमिताभ बच्चन का नाती अगस्त्य नंदा, मिहिर आहूजा, वेदांग रैना, अदिति डॉट और युवराज मेंडा अहम रोल में नजर आने वाले हैं। जानकारी के लिए बता दें सुहाना खान और खुशी कपूर की ये फिल्म बड़े पर्दे पर नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। नेटफ्लिक्स ने अभी रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया है।

# कार्तिक आर्यन ने बयां किया अपने टूटे दिल का हाल



बॉलीवुड सुपरस्टार कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल लव स्टोरी सत्यप्रेम की कथा को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। ये फिल्म इस महीने के आखिर में रिलीज होगी। लेकिन लोगों के बीच एक्टर की इस प्रेम कथा की खुमारी खूब देखने मिल रही हैं। ऐसे में कार्तिक, जो देश भर में एक बड़ी फैन फोलोइंग शेयर करते हैं और सोशल मीडिया के जरिए अपने फैन्स के साथ कनेक्टेड रहते हैं, उन्होंने हाल में अपने चाहने वालों के साथ मजेदार बातचीत की और उनके सवालों का जवाब भी दिया। इस बीच कार्तिक अपनी शादी और लव लाइफ से जुड़े सवालों का भी दिलचस्प तरीके से रिप्लाई करते नजर आए।

# रजनीकांत के फैंस के लिए खुशखबरी

नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा निर्देशित जेलर के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम तेजी से चल रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विनायकन ने फिल्म में अपने हिस्से के लिए डबिंग शुरू कर दी है। साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्मों का




उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। अभिनेता जल्द ही फिल्म जेलर में नजर आने वाले हैं। यह एक सस्पेंस थ्रिलर है, जिसकी शूटिंग हाल ही में खत्म हुई है। इस फिल्म के लिए प्रसंशकों में गजब की उत्सुकता है। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। जानकारी के मुताबिक नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा निर्देशित जेलर के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम तेजी से चल रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विनायकन ने फिल्म में अपने हिस्से के लिए डबिंग शुरू कर दी है, जबकि आने वाले दिनों में कई प्रमुख सितारों के अपने हिस्से के लिए डब करने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रजनीकांत एक हफ्ते में डबिंग सत्र में शामिल होंगे, क्योंकि अभिनेता पॉन्डिचेरी में अपनी आगामी फिल्म लाल सलाम की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच, रजनीकांत को जेलर के परिणाम से खुश बताया जा रहा है।

# ब्रिटिश संसद में सम्मानित होंगे करण जौहर

फिल्म निर्माता करण जौहर को अगले सप्ताह, मंगलवार 20 जून 2023 को ब्रिटिश संसद में लॉर्ड्स और संसद सदस्यों की उपस्थिति में वैश्विक मनोरंजन उद्योग में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। यूनाइटेड किंगडम की संसद के दोनों सदनों, हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स दोनों के लिए मिलन स्थल। जौहर का यूनाइटेड किंगडम के साथ एक विशेष संबंध है, जिसने देश भर में कुछ कुछ होता है, कभी खुशी कभी गम, और ऐ दिल है मुश्किल जैसी कई प्रस्तुतियों को फिल्माया है। 2012 में, लोगों को देश की यात्रा और अन्वेषण करने के लिए आकर्षित करने और आमंत्रित करने के लिए एक विशेष अभियान के लिए उन्हें विजिट ब्रिटेन के सद्भावना राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया थ उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्में कभी खुशी कभी गम और माई नेम इज खान यूके बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्में बन गईं, जिन्होंने नए रिकॉर्ड स्थापित किए। वह वर्तमान में ब्रह्मास्त्र पार्ट वन-शिवा, सूर्यवंशी, बाहुबली, ये जवानी है दीवानी, और कभी अलविदा ना कहना जैसी फिल्मों के पीछे भारत के शीर्ष फिल्म निर्माण स्टूडियो में से एक, धर्मा प्रोडक्शंस के प्रमुख हैं। इस साल वैश्विक मनोरंजन उद्योग में काम करने की उनकी 25 वीं वर्षगांठ है, जो ब्रिटिश भारत में जन्मी अभिनेत्री आलिया भट्ट और रणवीर सिंह अभिनीत उनकी अगली फिल्म के साथ मनाई जाएगी, जिसका शीर्षक रॉकी और रानी की प्रेम कहानी है, जो इस गर्मी में ब्रिटेन के सिनेमाघरों में और विश्व स्तर पर 28 जुलाई 2023 रिलीज होगी।



# विलेन के रूप में नजर आएंगी आलिया



भारतीय सिनेमा के सितारे अब हॉलीवुड वालों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गए हैं। वर्तमान समय की नायिकाओं प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण के बाद अब आलिया भट्ट ने भी हॉलीवुड फिल्मों में प्रवेश कर लिया है। आलिया भट्ट की फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन कई दिनों से चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म से आलिया भट्ट हॉलीवुड में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाने वाली है। इस फिल्म में आलिया भट्ट के साथ-साथ गैल गैडोट भी अहम रोल में नजर आएंगी। फैंस को इस फिल्म की रिलीज का काफी दिनों से इंतजार है। इसी बीच आलिया भट्ट की फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। आलिया भट्ट की फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन के ट्रेलर को फैंस काफी दिनों से इंतजार कर रहे थे। आलिया भट्ट और गैल गैडोट की हार्ट ऑफ स्टोन के ट्रेलर को रिलीज कर दिया गया। फिल्म के इस ट्रेलर में आलिया भट्ट का एक्शन अवतार देखने को मिल रहा है। फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन में एक्ट्रेस आलिया भट्ट विलेन के रोल में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट के किरदार का नाम केया धवन है, जो बर्बादी फैलाना चाहती है। तो वहीं फिल्म की लीड गैल गैडोट सीक्रेट एजेंट बनी हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट का ये बदला अवतार देख फैंस काफी खुश दिखाई दिए।

# आर माधवन ने बहुप्रतीक्षित फिल्म टेस्ट की शूटिंग की पूरी

फ़िल्म निर्देशक शशिकांत द्वारा निर्देशित स्पोर्ट्स ड्रामा फ़िल्म टेस्ट की शूटिंग हालही में एक्टर और डायरेक्टर आर माधवन ने पूर्ण करली है। वर्सटाइल एक्टर कहे जाने वाले माधवन इस फ़िल्म में बड़ा ही दिलचस्प रोल अदा कर रहे हैं। फ़िल्म का मोशन पोस्टर भी मेकर्स ने कुछ समय पहले रिलीज़ किया था, जिसे देखने के बाद दर्शकगण फ़िल्म को बड़े पर्दे पर देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। फ़िल्म की कहानी एक टेस्ट क्रिकेट मैच के इर्दगिर्द घूमती है, जिसे माधवन के फैंस खासकर स्पोर्ट्स एनथुसिएस्ट अधिक पसंद करेंगे। इस फ़िल्म से आर माधवन और सिद्धार्थ 17 साल बाद एक साथ आ रहे हैं। वहीं नयनतारा की फ़िल्म में एंट्री इसके स्टार पावर को चार चांद लगा रही है। इस पैन इंडिया स्पोर्ट्स ड्रामा फ़िल्म में आर माधवन के अलावा सिद्धार्थ और नयनतारा भी प्रमुख भूमिका अदा कर रहे हैं।हाल ही में आर माधवन को उनके डायरेक्टोरियल फ़िल्म रॉकेट्री द नंबी इफ़ेक्ट के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड भी मिला। इसके अलावा एक्टर के पास कई सारे आगामी प्रोजेक्ट्स है, जिसे वह अपने फैंस के सामने जल्द प्रस्तुत करने के लिए काफी उत्सुक हैं।

